दैनिक जयन्त
स्थापित : 1979
संस्थापक
स्व0 श्री नरेन्द्र उनियाल
वर्ष-45, अंक 178
कोटद्वार बुधवार
25 अक्टूबर 2023, पृष्ठ-8

गढ़वाल जनपद का प्रथम दैनिक

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com

**कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित** डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8384897348, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये

## 18 नवंबर को बंद होंगे बदरीनाथ के कपाट

**चमोली** : बदरीनाथ धाम के कपाट शीतकाल के लिए 18 नवंबर को शाम 3 बजकर तैंतीस मिनट पर बंद हो जाएंगे। मंगलवार को विजय दशमी के अवसर पर बदरीनाथ मंदिर परिसर में आयोजित धार्मिक समारोह में रावल ईश्वरी प्रसाद नंबूदरी ने आदि गुरु शंकराचार्य की गद्दी को साक्षी मानकर कपाट बंद करने की तिथि की घोषणा की। इससे पहले धर्माधिकारी राधाकृष्ण थपलियाल ने पंचांग गणना की तथा वेदपाठी रविन्द्र भट्ट सहित वेदाचार्यों ने स्वास्तिवाचन किया। अपने संदेश में श्री बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने कपाट बंद होने की तिथि घोषित होने पर प्रसन्नता व्यक्त की और विजय दशमी की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि कपाट बंद होने तक तीर्थयात्रा सुचारू ढंग से संचालित होगी। मुख्य कार्याधिकारी योगेन्द्र सिंह ने कहा कि इस बार अब तक बदरी-केदार यात्रा में रिकार्ड चौंतीस लाख से अधिक तीर्थयात्रियों ने दर्शन कर लिए हैं। कपाट बंद होने की तिथि घोषित होने के अवसर पर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के शिष्य स्वामी मुकुंदानंद महाराज सहित बीकेटीसी उपाध्यक्ष किशोर पंवार, सदस्य वीरेंद्र असवाल एवं भास्कर डिमरी प्रभारी अधिकारी गिरीश देवली, मंदिर अधिकारी राजेन्द्र चौहान, विवेक थपलियाल, राजेंद्र सेमवाल, भूपेंद्र रावत, मीडिया प्रभारी डा. हरीश गौड़, बाबा उदय सिंह, पीतांबर मोल्फा, विनोद डिमरी, सुधाकर बाबुलकर अनसुया नौटियाल, अजीत भंडारी आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)



### हकूकधारियों को भेंट की पगड़ी

चमोली : आज ही नये यात्रा वर्ष भंडार व्यवस्था हेतु पगड़ी भेंट कर जिम्मेदारी दी गयी। बीकेटीसी उपाध्यक्ष किशोर पंवार ने हकूकधारियों को पगड़ी भेंट की। राम सिंह भंडारी, मोहन प्रसाद भट्ट, निश्चय मेहता, अविनाश पंवार को पगड़ी भेंट हुई। इस अवसर पर अपने संबोधन में बीकेटीसी उपाध्यक्ष किशोर पंवार ने बदरीनाथ धाम की सफल यात्रा हेतु सभी विभागों, पुलिस, प्रशासन, सेना आईटीबीपी, हक-हकूकधारियों, तीर्थपुरोहितों, तीर्थयात्रियों का आभार जताया। उल्लेखनीय है कि कपाट बंद होने के बाद 19 नवंबर को प्रातः श्री उद्धवजी एवं कुबेर जी योगध्यान बदरी मंदिर पांडुकेश्वर तथा आदि गुरु शंकराचार्य जी की गद्दी श्री नृसिंह मंदिर स्थित गद्दीस्थल को प्रस्थान करेगी।

## 15 नवंबर को बंद होंगे यमुनोत्री के कपाट



**उत्तरकाशी** : विश्व प्रसिद्ध यमुनोत्री मंदिर के कपाट आगामी 15 नवंबर को भैया दूज के मौके पर देश विदेश के आम श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ बंद कर दिए जाएंगे। भैयादूज पर सुबह ठीक 11 बजकर 57 मिनट पर विधिवत पूजा अर्चना और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ अभिजीत मुहूर्त पर धाम के कपाट बंद होंगे। जिसके बाद शीतकाल में छह माह तक मां यमुना के दर्शन उनके शीतकालीन प्रवास खुशीमठ (खरसाली) में होंगे।

मंगलवार को विजयदशमी के अवसर पर यमुनोत्री धाम के तीर्थपुरोहितों ने विधिवत पूजा अर्चना के बाद कपाट बंद का शुभ मुहूर्त निकाला। यमुनोत्री मंदिर समिति के अध्यक्ष व एसडीएम मुकेश चंद रमोला तथा सचिव सुरेश उनियाल ने बताया कि मंगलवार को दशहरे के अवसर पर विधिवत रूप से यमुनोत्री के कपाट बंद किए जाने का मुहूर्त तय किया गया। पौराणिक परंपरानुसार, भैया दूज के पावन पर्व पर 15 नवंबर को सुबह 11 बजकर 57 मिनट पर अभिजीत मुहूर्त में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ यमुनोत्री के कपाट शीतकाल के लिए बंद कर दिए जायेंगे। जिसके बाद मां यमुना की डोली यमुनोत्री धाम से शनि देव की डोली की अगुवाई में अपने शीतकालीन प्रवास खुशीमठ के लिए प्रस्थान करेगी। यमुनोत्री धाम के कपाट बंद होने के बाद शीतकाल में छह माह तक मां यमुना की पूजा अर्चना उनके शीतकालीन प्रवास खुशीमठ में होगी तथा यहीं पर देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालु शीतकाल में छह माह तक मां यमुना के दर्शन कर सकेंगे। मुहुर्त तय करने वालों में सचिव सुरेश उनियाल, श्री पंच पंडास समिति यमुनोत्री धाम के अध्यक्ष पुरुषोत्तम उनियाल, श्री केदार बद्री मंदिर समिति के सदस्य जयप्रकाश उनियाल, यमुनोत्री मंदिर समिति के पूर्व उपाध्यक्ष पवन उनियाल, मंदिर समिति के सदस्य अरविंद उनियाल, माँ यमुना शीतकालीन प्रवास खरसाली खुशीमठ मंदिर के पुजारी राजेंद्र प्रसाद उनियाल शामिल थे।

### शादी का झांसा देकर किया दुष्कर्म, केस दर्ज

**देहरादून।** तलाकशुदा महिला को शादी का झांसा देकर युवक लंबे समय तक दुष्कर्म करता रहा। आरोप है कि उसने पीड़िता के गहने भी बिकवा दिए और कई हजार रुपये रकम भी ली। शादी का वक्त नजदीक आया तो आरोपी दूरी बनाकर फरार हो गया। उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। एसओ नेहरू कॉलोनी लोकेंद्र बहुगुणा ने बताया कि एक महिला ने तहरीर दी। कहा कि उसका संपर्क अरपान गोयल नाम के युवक से हुआ। दोनों में दोस्ती हुई तो आरोपी पीड़िता से शादी करने की बात कहता। उसके बहकावे में आकार पीड़िता ने अपने पति से तलाक लिया और आरोपी के साथ लिवइन में रहने लगी। इस दौरान लगातार आरोपी पीड़िता संग शारीरिक संबंध बनाता रहा। कहा कि आगामी तीन नंवबर को दोनों को शादी आर्य समाज मंदिर में करनी तय थी। इस बीच आरोपी ने शादी से मना कर दिया। पीड़िता का आरोप है कि उसने साथ में रहते हुए पीड़िता के दो लाख रुपये के गहने बिकवा दिए। इसके अलावा भी कई हजार रुपये उससे उधार लिए। आरोप है कि निजी पलो की वीडियो बनाकर उसे वायरल कर बदनाम करने की धमकी भी दी। एसओ नेहरू कॉलोनी लोकेंद्र बहुगुणा ने बताया कि आरोपी अरपाल गोयल के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

### विचाराधीन कैदी की तबियत बिगड़ने से मौत

**हरिद्वार।** भूमि बेचने के नाम पर ठगी करने के आरोप में गिरफ्तार विचाराधीन कैदी की अचानक तबियत बिगड़ने से मौत हो गई। माना जा रहा है कि दिल का दौरा पड़ने से मौत हुई है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत की वजह सामने आ जाएगी। एसओ सिडकुल मनोहर सिंह भंडारी ने जानकारी दी कि 20 जुलाई माह में सोमदत्त निवासी टिहरी विस्थापित कालोनी ने भूमि बेचने के नाम पर 29.5 लाख की रकम हड़प लेने के मामले में मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने जांच के बाद तीन आरोपी शहजाद निवासी ग्रीन पार्क कालोनी रुड़की , आमीर फरीदी निवासी खेलपुर नसरूल्लापुर भगवानपुर और बृजपाल चौहान निवासी रुड़की रोड कृष्णानगर पल्लवपुरम मेरठ यूपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। सोमवार देर शाम विचाराधीन कैदी बृजपाल चौहान अचानक तबियत बिगड़ गई। जेल में प्राथमिक उपचार के बाद उसे आनन फानन में जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां उसे चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

### वियतनाम में मंकीपॉक्स से संक्रमित 20 लोगों में से 18 पॉजिटिव

**हनोई, एजेंसी।** दक्षिणी वियतनाम के हो ची मिन्ह सिटी में मंकीपॉक्स के 20 मामलों में से अठारह मामलों में एचआईवी की पुष्टि हुई है। वियतनाम समाचार एजेंसी ने सोमवार को स्थानीय स्वास्थ्य विभाग के हवाले से यह जानकारी दी। मंकीपॉक्स वायरस से संक्रमित सभी 20 मरीजों का इलाज शहर के नेशनल हॉस्पिटल ऑफ ट्रॉपिकल डिजीज में किया जा रहा है। स्थानीय स्वास्थ्य सेवा अधिकारी सामुदायिक संक्रमण का पता लगाने के प्रयासों में जुटे हुए हैं। इसके अलावा, संक्रमण को और अधिक फैलने से रोकने के लिए अस्पतालों में उचित देखभाल की व्यवस्था की गई है।

## चीन ने रक्षा मंत्री ली शांगफू को किया बर्खास्त



**बीजिंग, एजेंसी।** चीन ने ली शांगफू को रक्षा मंत्री और राज्य पार्षद के पद से हटा दिया है। देश के शीर्ष सांसदों, नेशनल पीपुल्स कांग्रेस की स्थायी समिति ने पूर्व विदेश मंत्री किन गैंग को भी राज्य पार्षद के पद से हटाने के लिए मतदान किया है। ली शांगफू पिछले दो महीनों से लापता बताए जा रहे हैं, जबकि किन भी काफी महीनों से सार्वजनिक रूप से नहीं दिखे हैं।

दावा किया जा रहा है कि उन्हें आखिरी बार तीसरे तीन अफ्रीका चाइना पीस एंड सिक्योरिटी फोरम में सार्वजनिक रूप से देखा गया था। बीजिंग में हुए इस सम्मेलन में ली ने अपना मुख्य भाषण दिया था। बता दें कि ली शांगफू को मार्च 2023 में रक्षा मंत्री नियुक्त किया गया था। गौरतलब है कि जुलाई में चीनी विदेश मंत्री किन गैंग के लापता होने के बाद शांगफू के लापता होने की खबर आई थी। ली शांगफू के इस तरह से गायब होने के बाद तमाम तरह की अटकलें लगने लगी हैं। चीन के रक्षा मंत्री तब गायब हुए हैं, जब पांच साल पहले की गई हार्डवेयर खरीद से जुड़े भ्रष्टाचार के मामलों की जांच की जा रही है। गौरतलब है कि ये जांच जुलाई में शुरू की गई थी। हालांकि, चीनी सेना का कहना है कि वह अक्तूबर 2017 से ही इन मुद्दों की जांच कर रही है। ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि ली सितंबर 2017 से 2022 तक उपकरण विभाग में कार्यरत थे।

## बुराई पर हुई अच्छाई की जीत, धूं-धूं कर जला रावण

### हर्षोल्लास के साथ मनाया गया विजयादशमी का पर्व

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : नगर व आसपास के क्षेत्र में बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक विजय दशमी पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर ग्रास्टनगंज में आयोजित दशहरा मेले में बुराई के प्रतीक रावण के पुतले का दहन किया गया।

ग्रास्टनगंज में आयोजित दशहरे मेले में मंगलवार सुबह से ही दुकानें व फड़ सजने लगी। इस दौरान लोगों की मेले में खूब चहल पहल रही। शाम ढलने के साथ ही ग्रास्टनगंज स्थित दशहरा मेला स्थल खचाखच भर गया। देर शाम नगर क्षेत्र की दो रामलीला कमेटियों की ओर से बनाए गए रावण के दो अलग-अलग पुतलों का दहन किया गया।



दशहरा मेले में उमड़ी लोगों की भीड़।



ग्रास्टनगंज में रावण का पुतला जलता हुआ।

पुतला दहन को देखने के लिए हजारों की तादाद में लोगों की भीड़ उमड़ी रही। वहीं पुलिस को भीड़ को नियंत्रित करने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी। जैसे ही पुतले का दहन हुआ पूरा ग्रास्टनगंज मैदान जय श्री राम के जयकारों से गूंजने लगा। दशहरा समाप्त होने के बाद गाड़ीघाट क्षेत्र में लंबा जाम भी देखने को मिला। जाम खुलवाने के लिए पुलिस कर्मियों को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। इस मौके पर मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खण्डूडी भूषण, लैंसडौन विधायक महंत दलीप रावत ने क्षेत्रवासियों को दशहरे की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भगवान श्रीराम के जीवन से प्रेरणा लेकर प्रत्येक व्यक्ति को समाज में आदर्श प्रस्तुत करना चाहिए। भगवान श्रीराम को एक आदर्श बेटे, एक आदर्श शिष्य, एक आदर्श पति, एक आदर्श पिता और एक आदर्श राजा के रूप में हमेशा पूजा जाता है। कहा कि भगवान श्रीराम के त्याग और जीवन से सबको प्रेरणा लेनी चाहिए।

## अगली रामनवमी रामलला के मंदिर में मनेगी, शताब्दियों बाद मंदिर में विराजेंगे श्रीराम: पीएम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दशहरा के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारका में आयोजित श्री रामलीला सोसायटी की 11वें भव्य रामलीला में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे। यहां उन्होंने राम-सीता और लक्ष्मण की आरती की। कार्यक्रम में लोगों को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि मैं समस्त भारतवासियों को शक्ति उपासना पर्व नवरात्रि और विजय पर्व विजयादशमी की अनेक-अनेक शुभकामनाएं देता हूं। विजयादशमी का ये पर्व, अन्याय पर न्याय की विजय, अहंकार पर विनम्रता की विजय और आवेश पर धैर्य की विजय का पर्व है।

पीएम मोदी ने कहा कि आज हमें सौभाग्य मिला है कि हम भगवान राम का भव्यतम मंदिर बनता देख पा रहे हैं। अयोध्या की अगली रामनवमी पर रामलला के मंदिर में गूंजा हर स्वर, पूरे विश्व को हर्षित करने वाला होगा। राम मंदिर में भगवान राम के विराजने को बस कुछ महीने बचे हैं। हम गीता का ज्ञान भी जानते हैं और आईएनएस विक्रांत और तेजस का निर्माण भी जानते हैं। हम श्रीराम की मर्यादा भी जानते हैं और अपनी सीमाओं की रक्षा करना भी जानते हैं। हम शक्ति पूजा का संकल्प भी जानते हैं और कोरोना में सर्वे सन्तु निरामया के मंत्र को भी जी करके दिखाते हैं।



इस बार हम विजयादशमी तब मना रहे हैं, जब चंद्रमा पर हमारी विजय को दो महीने पूरे हुए हैं। विजयादशमी पर शस्त्र पूजा का भी विधान है। भारत की धरती पर शस्त्रों की पूजा किसी भूमि पर आधिपत्य नहीं, बल्कि उसकी रक्षा के लिए की जाती है।

श्री रामलीला सोसायटी ने बताया कि इस कार्यक्रम में रावण, कुंभकरण और मेघनाथ के अलावा एक और पुतला बनाया गया है। ये महिलाओं के खिलाफ हो रहे अपराधों के विरोध में बनाया गया है। सोसायटी ने कहा कि हमें बहुत खुशी है कि पीएम यहां आए हैं। पिछली बार वह 2019 में आए थे और इस बार उन्होंने हमारा निमंत्रण स्वीकार कर लिया। इसके लिए हम उनका आभार व्यक्त करते हैं। लोग यहां दूर-दूर से आए हैं।

### सौदेबाजी पर उतरा हमास, 50 इजरायली बंधकों की रिहाई के बदले रखी ईंधन सप्लाई करने की शर्त

**येरूशलम, एजेंसी।** इजरायल और हमास के बीच जारी जंग पता नहीं किस अंजाम तक पहुंचेगी, लेकिन यह संघर्ष अब तक सैकड़ों लोगों जिंदगी से खेल चुका है। इजरायल ने गाजा को चारों तरफ से घेरकर रखा हुआ है और जमीनी हमले की तैयारी की जा रही है। बताया जा रहा है कि इजरायली सेना गाजा से महज पांच-छह किलोमीटर की दूरी पर है। ऐसे में हमला कभी भी किया जा सकता है।उधर, गाजा में जरूरी चीजों की सप्लाई ठप पड़ी है। यहां तक कि पेट्रोल डीजल की भी भारी कमी देखी जा रही है। पिछले 18 दिन से जारी जंग के चलते इजरायल ने गाजा में भोजन, पानी और ईंधन की आपूर्ति पर रोक लगा रखी है, जिससे लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

## पंचतत्व में विलीन हुए बिशन सिंह बेदी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंडियन क्रिकेट के पूर्व महान फिरकी गेंदबाज बिशन सिंह बेदी अब हमारे बीच नहीं रहे। 77 साल की उम्र में बिशन सिंह बेदी ने आखिरी सांस ली है। मंगलवार को नई दिल्ली लोधी रोड़ शवदाह गृह में उनका अंतिम संस्कार हुआ है।

इस दौरान बिशन की अंतिम यात्रा में उनके बेटे और बॉलीवुड कलाकार अंगद बेदी, बहू नेहा धूपिया और हिंदी सिनेमा की दिग्गज अभिनेत्री शर्मिला टैगोर नजर आईं। इस बीच बिशन सिंह बेदी के अंतिम संस्कार की लेटेस्ट तस्वीरें सामने आई हैं।

बिशन सिंह बेदी के निधन से हर कोई हताश और हैरान नजर आ रहा है। स्पिन के जादूगर के इस तरह से दुनिया को अलविदा कहने से हर तरफ शोक की लहर छा गई है। इस बीच 24 अक्टूबर को बिशन सिंह बेदी की अंतिम यात्रा में शामिल होने के लिए क्रिकेट जगत से लेकर मनोरंजन जगत की कई हस्तियां पहुंची। इनमें हिंदी सिनेमा की वरिष्ठ एक्ट्रेस शर्मिला टैगोर का नाम भी शामिल है।



दरअसल सेलेब्स फोटोग्राफर पल्लव पालीवाल ने बिशन सिंह बेदी के अंतिम संस्कार की लेटेस्ट तस्वीरों को साझा किया। इन फोटो में आप देख सकते हैं कि अंगद बेदी ने मुखाग्नि देकर अपने पिता को हमेशा-हमेशा के लिए अंतिम विदाई दी है।

इतना ही नहीं अंगद की मां और बिशन सिंह बेदी की पत्नी अंजू इंद्रजीत इस दौरान शोक में डूबी हुई दिखाई दे रही हैं। दूसरी ओर अंगद की वाइफ नेहा धूपिया और दिग्गज एक्ट्रेस शर्मिला टैगोर के चेहरे पर दुख के भाव साफ नजर आ रहे हैं। इस तरह से बिशन सिंह बेदी पंचतत्व में विलीन हो गए हैं।

इससे पहले बिशन सिंह बेदी के निधन को लेकर हिंदी सिनेमा के तमाम सेलेब्स ने सोशल मीडिया पर शोक जताया है। 'टाइगर 3' फिल्म कलाकार सलमान खान, शाह रुख खान, अनुपम खेर और अमिताभ बच्चन जैसी फिल्मी हस्तियों ने बिशन सिंह बेदी को श्रद्धांजलि दी है। इतना ही नहीं बिशन सिंह बेदी के बेटा और बहू अंगद बेदी और नेहा धूपिया ने भी सोशल मीडिया पर दुख प्रकट किया है।

## गंगोत्री धाम में राष्ट्रपति भवन को जोड़ने वाली सुरक्षा दीवार ढही

**उत्तरकाशी।** गंगोत्री धाम में राष्ट्रपति भवन और सूर्यकुंड को जाने वाले मार्ग पर सुरक्षा दीवार रात में अचानक भरभरा कर ढह गई। दीवार क्षतिग्रस्त होने से यहां राष्ट्रपति भवन, सूर्यकुंड सहित पर्यटक आवास के लिए आवाजाही बंद हो गई। बिना बरसात सुरक्षा दीवार ध्वस्त होने पर इसकी गुणवत्ता पर सवाल उठ रहे हैं। मंगलवार सुबह गंगोत्री धाम के तीर्थ पुरोहितों ने जानकारी दी कि गंगा नदी को पार कर केदार गंगा के समीप सुरक्षा दीवार अचानक से ध्वस्त हो गई है। दीवार ध्वस्त होने से राष्ट्रपति भवन और अन्य पर्यटक गृहों के लिए रास्ता भी बंद हो गया है। इसके चलते धाम में रुकने वाले पर्यटकों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। श्री पांच गंगोत्री मंदिर समिति के अध्यक्ष रावल हरीश सेमवाल व सचिव सुरेश सेमवाल ने बताया कि रास्ते पर बनी सुरक्षा दीवार का निर्माण नगर पंचायत गंगोत्री ने लगभग आठ साल पहले किया था।

## नवाज शरीफ की कोर्ट में पेशी, तोशाखाना मामले में मिली जमानत

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ मंगलवार को भ्रष्टाचार के मामलों के सिलसिले में एक स्थानीय कोर्ट में पेश हुए। तीन बार के प्रधानमंत्री और पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के प्रमुख 73 साल के नवाज शरीफ चार साल के स्व-निर्वासन के बाद शनिवार को लंदन से पाकिस्तान लौटे हैं। अब शरीफ के खिलाफ अदालती मामलों पर फिर से सुनवाई शुरू होगी। यह उनकी अनुपस्थिति की वजह से रुकी हुई थी।

नवाज शरीफ इस्लामाबाद स्थित न्यायाधीश मुहम्मद बशीर की जवाबदेही अदालत में पेश हुए। कोर्ट ने चार साल बाद पाकिस्तान वापसी सुनिश्चित करने के लिए तोशाखाना मामले में उनकी गिरफ्तारी के आदेश को निलंबित कर दिया था। अब यह दिखाने के लिए उपस्थिति महत्वपूर्ण थी कि शरीफ ने कोर्ट में आत्मसमर्पण कर दिया है।



कोर्ट ने उनकी मौजूदगी के बाद शरीफ को जाने की अनुमति दे दी। बशीर वही न्यायाधीश हैं, जिन्होंने शरीफ को एवेनफील्ड मामले में दोषी ठहराया था। कोर्ट ने शरीफ के गिरफ्तारी वारंट को मंगलवार तक के लिए निलंबित कर दिया था। इस मामले में पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के नेता आसिफ जरदारी और पूर्व प्रधानमंत्री यूसुफ रजा गिलानी भी सह-आरोपी हैं। शरीफ को मंगलवार को ही एवेनफील्ड और अल-अजीजिया मामलों में इस्लामाबाद हाईकोर्ट में भी पेश होना है।

इस बीच पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की अंतरिम कैबिनेट ने पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज के संस्थापक नवाज शरीफ को अल-अजीजिया केस में मिली सजा को रद्द कर दिया है। अल-अजीजिया मिल्स केस में नवाज शरीफ को सात साल जेल की सजा सुनाई गई थी। 2019 में जेल में रहने के दौरान शरीफ की तबीयत बिगड़ गई थी। जिस पर लाहौर हाईकोर्ट ने इलाज के लिए नवाज शरीफ को विदेश जाने के लिए जमानत दे दी थी। उसके बाद से ही नवाज लंदन में थे।

गौरतलब है कि पाकिस्तान के पूर्व पीएम और मुस्लिम लीग नवाज के अध्यक्ष नवाज शरीफ बीते कई सालों से ब्रिटेन में स्व-निर्वासित जीवन जी रहे थे।

# महानिर्वाणी अखाड़े में संतों ने किया शस्त्र पूजन

हरिद्वार। दशहरे के अवसर पर कनखल स्थित श्री पंचायती अखाड़ा महानिर्वाणी में शस्त्र पूजन किया गया।

महानिर्वाणी अखाड़े के सचिव श्रीमहंत रविंद्रपुरी के नेतृत्व में अखाड़े के संतों ने सूर्य प्रकाश और भैरव प्रकाश नामक भालों व अन्य शस्त्रों की पूर्ण विधि विधान से पूजा अर्चना की और धर्म रक्षा का संकल्प दोहराया। इस अवसर पर श्रीमहंत रविंद्रपुरी ने बताया कि आदि गुरू शंकराचार्य द्वारा स्थापित दशनामी सन्यास परंपरा के नागा सन्यासी दशहरें पर अखाड़ों में शस्त्र पूजन करते हैं। उन्होंने कहा कि सनातन परंपरा में शास्त्रों के साथ शस्त्र पूजन का भी विधान है।



अखाड़ों की परंपरा में शस्त्र पूजन का विशेष महत्व है। इस अवसर पर महंत सूर्य मोहन गिरी, महंत अखिलेश भारती, महंत कमलपुरी, महंत ज्ञान भारती, महंत मोहन गिरी, महंत रामगिरी, पूर्व विधायक संजय गुप्ता, महंत शिवनाथ, महंत हनुमान बाबा सहित अखाड़े के सभी संत महंतों ने शस्त्र पूजन कर अखाड़े के आराध्य भगवान कपिल मुनि के जयकारे लगाते हुए सनातन धर्म की रक्षा का संकल्प लिया।

## दून में भिडेंगी उत्तराखंड, उड़ीसा, महाराष्ट्र की दिव्यांग क्रिकेट टीमें

देहरादून। दून में उत्तराखंड, उड़ीसा और महाराष्ट्र की दिव्यांग टीमें भिडेंगी। गुरुवार से देहरादून में होने जा रहे दून डिफेंस कप में कई अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी भाग लेंगे। टीमें बुधवार को देहरादून पहुंच जाएंगी। दिव्यांग क्रिकेट एसोसिएशन उत्तराखंड के संस्थापक और पूर्व रणजी ट्रॉफी खिलाड़ी गिरीश पटवाल ने मंगलवार को बताया कि प्रतियोगिता 26 और 27 अक्टूबर को एसजीआर क्रिकेट एकेडमी शिमला बायपास में आयोजित की जाएगी। इससे उत्तराखंड के दिव्यांग खिलाड़ियों को बेहतर मंच मिलेगा। अंतराष्ट्रीय टीम में उनके चयन के रास्ते भी खुलेंगे। उन्होंने बताया कि टी–20 फार्मेट में होने वाली मैचों का खेल मंत्री रेखा आर्या शुभारंभ करेगी। इसके अलावा विधायक विनोद चमोली आदि मौजूद रहेंगे।

# प्रवर समिति का कार्यकाल बढ़ाने पर भड़का राज्य आंदोलनकारी मंच

देहरादून। राज्य आंदोलनकारियों और उनके आश्रितों को सरकारी नौकरी में 10 फीसदी क्षैतिज आरक्षण पर विचार के लिए गठित प्रवर समिति का कार्यकाल बढ़ाने का राज्य आंदोलनकारी मंच ने कड़ा विरोध किया है। देहरादून में शहीद स्मारक पर मंच की बैठक में राज्य आंदोलनकारी नेताओं ने प्रवर समिति के अध्यक्ष संसदीय कार्यमंत्री प्रेमचंद अग्रवाल पर निशाना साधा है। राज्य आंदोलनकारी मंच ने मंगलवार को शहीद स्थल पर आपात बैठक में प्रवर समिति के निर्णय की कड़ी निंदा की। मंच के अध्यक्ष जगमोहन सिंह नेगी और प्रदेश प्रवक्ता प्रदीप कुकरेती ने कहा कि प्रवर समिति के अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने राज्य आंदोलनकारियों, उनके आश्रितों और शहीद परिजनों के साथ छल किया है। उन्होंने कहा कि इसे प्रवर समिति की लापरवाही कहें या ढिलाई कि वह न तो आंदोलनकारियों को कोई राहत दे पाए और न उनकी भावनाओं का ही ध्यान रख पाए। बैठक में वक्ताओं की ओर से कहा गया कि राज्य आंदोलनकारी मंच इसे लेकर प्रवर समिति के अध्यक्ष के सम्मुख अपना विरोध दर्ज कराएगी। समिति का कार्यकाल जो दो महीने के लिए बढ़ाया है, उसे वापस लेकर दो सप्ताह करने की मांग रखेगा। अगर ऐसा नहीं किया गया तो मंत्री अग्रवाल और सीएम के सामने अपना विरोध दर्ज कराएंगे। आंदोलनकारी वीर सिंह रावत और सूर्या बमराड़ा ने कहा कि हमारी उम्र की सीमा पार हो रही है, इसकी जिम्मेदारी सबसे पहले तय होनी चाहिए। अगर ऐसा नहीं किया गया तो प्रवर समिति ने आंदोलनकारियों की भावनाओं से जो खिलवाड़ किया है उसे कभी माफ नहीं किया जाएगा। राज्य आंदोलनकारी सुदेश कुमार और विनोद असवाल ने इस मसले पर आक्रमक रणनीति अपनाने पर जोर दिया।

## भारत की जीत में चमके उत्तराखंड के सोवेंद्र

देहरादून। चीन में चल रहे एशियन पैरा गेम्स में उत्तराखंड के सोवेंद्र सिंह के गोल की बदौलत भारत ने मलेशिया को ब्लाइंड फुटबॉल में मात दी है। सोवेंद्र भारत के लिए लगातार अच्छा प्रदर्शन करते जा रहे हैं। सोवेंद्र देहरादून के राजपुर रोड स्थित राष्ट्रीय दृष्टि दिव्यांगजन सशक्तिकरण संस्थान में ट्रेनिंग करते हैं। चौथे एशियन पैरा गेम्स में उनका प्रदर्शन सराहनीय रहा है। सोवेंद्र को टीम में द वाल के नाम से जाना जाता है।

# बीमा पालिसी के नाम पर 30 लाख की ठगी का आरोपी गिरफ्तार

देहरादून। बंद पड़ी बीमा पालिसी को सक्रिय कराते हुए उसके प्रीमियम का लाखों रुपये भुगतान दिलाने का झांसा देकर दून निवासी से तीस लाख रुपये की ठगी करने वाले गैंग के एक आरोपी को साइबर क्राइम थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने बीमा लोकपाल, एनपीसीआई और आईआरडीएआई अफसर बनाकर यह ठगी की। गैंग में शामिल अन्य आरोपियों की एसटीएफ तलाश कर रही है। एसएसपी एसटीएफ आयुष अग्रवाल ने बताया कि साइबर अपराधी आम जनता की गाढ़ी कमाई हड़पने के लिए कई तरीके अपनाते हैं। आईआरडीएआई, एनपीसीआई और बीमालोकपाल के नाम का उपयोग कर भी बंद पड़ी बीमा पालिसा का भुगतान दिलाने का झांसा देकर लोगों को चूना लगाते हैं। ऐसे एक मामले में उमेश चंद्र जोशी निवासी आशीर्वाद एंक्लेव बल्लूपुर ने केस दर्ज कराया। कहा कि उन्होंने एक बीमा पालिसी कराई थी। जिसका काफी समय से भुगतान नहीं कर पाए। आरोप है कि उनकी इस बीमा पालिसी की जानकारी जुटाकर साइबर ठगों ने पीड़ित को चूना लगाया। गुमराह किया कि उनकी बीमा पालिसी में जमा हुई रकम प्रीमियम समेत वापस की जानी है। इसके बाद पालिसी की पूरी मेच्योर राशि दिलाने का झांसा देकर पीड़ित से रकम जमा करवानी शुरू की। अलग–अलग झांसे देकर आरोपियों ने पीड़ित से अपने दिए बैंक खातों में करीब तीस लाख रुपये जमा करवा लिए। इतनी रकम साइबर ठगों के खाते में जमा करने के बाद पीड़ित को समझ आया कि उसके साथ साइबर धोखाधड़ी हो रही है। साइबर क्राइम थाने में केस दर्ज कर जांच की गई है। जांच में पता लगा कि साइबर ठगी में शामिल एक आरोपी नोएडा में मौजूद है। वहां दबिश देकर एसटीएफ टीम ने गौरव अग्रवाल (28) पुत्र विपिन अग्रवाल मूल निवासी काशीरामपुरा कॉलोनी थाना बड़ौत जिला बागपत हाल निवासी गोपाल अपार्टमेंट बेहरामपुर नोएडा को गिरफ्तार किया। आरोपी से पूछताछ में पता लग कि वह बीमा कंपनी के एजेंट बनकर लोगों से साइबर ठगी करते हैं। आरोपी देशभर में कई लोगों को इस तरह चूना लगा चुके हैं।

## एसजीआरआर में एबीवीपी ने चंदन नेगी को मैदान में उतारा

देहरादून। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की ओर से श्री गुरुराम राय पीजी कालेज के लिए भी छात्रसंघ प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है। जिसमें अध्यक्ष पद के लिए चन्दन नेगी,महासचिव पद पर नीरज रतूड़ी,विश्वविद्यालय प्रतिनिधि पर आक्षी मल ,उपाध्यक्ष पर प्रियांशु रावत,सहसचिव पर अंशुल बहुगुणा,कोषाध्यक्ष पर आबिदा रहीम को प्रत्याशी बनाया गया है। क्षेत्रीय संगठन मंत्री मनोज नीखरा ने कहा कि विद्यार्थी परिषद की वर्षभर की सक्रियता व लोकप्रियता के कारण समाने कोई खड़ा नही दिख रहा हैं। इस दौरान प्रान्त संगठन मंत्री विक्रम फर्स्वाण, छात्रसंघ अध्यक्ष पार्थ जुयाल, महासचिव नितिन चौहान, राहुल जुयाल, आदि उपस्थित रहे।

# आइटीबीपी ने 62वां स्थापना दिवस समारोह हर्षोल्लास से मनाया

देहरादून। भारत तिब्बत सीमा पुलिस अकादमी ने 24 ने बल का 62वाँ स्थापना दिवस हर्षोल्लास से मनाया। इस मौके पर महान निरीक्षक निदेशक आइटीबीपी पीएस डंगवाल ने अन्य अधिकारियों के साथ शहीद स्मारक पर माल्यार्पण किया। इसके बाद उन्होंने अकादमी परेड ग्राउण्ड में ध्वजारोहण किया। इसके उपरान्त निदेशक अकादमी द्वारा उपस्थित अधिकारियों एवं अन्य पदाधिकारियों को भातिसी पुलिस बल के स्वर्णिम इतिहास के बारे में संक्षेप में जानकारी देते हुए बताया कि बल ने प्रारंभ में मात्र 4 वाहिनियों के साथ देश की उत्तरी सीमाओं की रक्षा का कार्यभार संभाला था। वर्तमान में बल को लद्दाख के कराकोरम पास से, अरुणाचल प्रदेश में जेचेप ला तक 3488 कि॰मी॰ की सीमा की सुरक्षा के लिए तैनात किया गया है। बल की अग्रिम चौकियों की उँचाई भारत–चीन सीमा पर 9000 फीट से 18700 फीट तक है। साथ ही उन्होंने अपने उद्बोधन में बताया कि हिमवीर शून्य से माइनस 45 डिग्री सेल्सियस तक तापमान में भारत की अग्रिम चौकियों में अपने बल के आदर्श वाक्य शौर्य, दृढ़ता, कर्मनिष्ठा के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर रहे हैं व इसके अतिरिक्त आतंकवाद एवं नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में भी अपना अहम योगदान दे रहे हैं। अंत में महानिरीक्षक निदेशक आइटीबीपी पीएस डंगवाल ने बल के स्थापना दिवस की सभी को शुभकामनाएँ दी। इस अवसर पर उप निदेशक अकादमी राजेश शर्मा,सेनानी प्रशासन विंग शोभन सिंह राणा मौजूद रहे।



## एक नजर

### जाखन में मारपीट के आरोपियों का पुतला जलाया

देहरादून)। ग्रीन वैली रेजिडेंट्स वेलफेयर सोसायटी जाखन के सचिव प्रवीण भारद्वाज ने दशहर पर्व पर मारपीट के आरोपियों के साथ ही उन्हें संरक्षण देने वालों का पुतला जलाया। उन्होंने कहा कि इसी साल 22 फरवरी को कुछ लोगों ने उनके घर में तोड़फोड़ करने के साथ ही उनके परिवार के साथ मारपीट की, लेकिन पुलिस आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं कर रही है। कहा कि दशहरा पर्व पर संदेश वह देना चाहते कि देश भर में जहां भी गंभीर अपराध हो दशहरा के पर्व पर अपराधियों को रावण बनाकर जलाया जाए, क्योंकि ऐसे अपराधी रावण से बड़े गुनहगार होते हैं।

### कांग्रेस ने लगाया आंदोलनकारी आरक्षण में जानबूझकर देरी करने का आरोप

देहरादून। कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष और चिन्हित राज्य आंदोलनकारी सयुंक्त संघर्ष समिति के केंद्रीय मुख्य संरक्षक धीरेंद्र प्रताप ने राज्य सरकार पर आंदोलनकारी आरक्षण में जानबूझकर देरी करने का आरोप लगाया है। धीरेंद्र प्रताप ने बयान जारी करते हुए कहा कि आंदोलनकारी आरक्षण पर विचार के लिए गठित विधानसभा प्रवर समिति का कार्यकाल बढ़ाने से साफ राज्य सरकार पर इस विषय पर राजनीति कर रही है। उन्होंने कहा कि ऐसा लगता है कि भाजपा आंदोलनकारी आरक्षण के सवाल को लोकसभा चुनाव तक ले जाना चाहती है। ताकि लोकसभा चुनावों में इसका लाभ मिल सके। इससे साफ है कि सरकार का लक्ष्य आंदोलनकारी का सम्मान करना नहीं बल्कि वोट हासिल करना है। उन्होंने कहा कि सरकार किसी ना किसी बहाने से आंदोलनकारियों के वाजिब हक को टाल रही है। विधेयक में पहले देर की गई, उस पर कई कमियां छोड़कर इसे प्रवर समिति के हवाले कर ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। अब किसी ना किसी बहाने समिति की रिपोर्ट में देरी की जा रही है।

### यमकेश्वर एफसी ने कब्जाई फाइनल ट्रॉफी

देहरादून। सुनील रावत मेमोरियल फुटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला यमकेश्वर एफसी व एनसीएफसी ए के बीच खेला गया,जिसमे यमकेश्वर ने एनसीएफसी को 3–2से पराजित कर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। यमकेश्वर की तरफ से जियान ने 2 गोल वा लक्की ने 1 गोल किया जबकि एनएफसीएफ एकी तरफ से साहिल और ज्ञानी ने 1–1 गोल किया। मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष अनुज गुप्ता, विशिष्ट अतिथि भाजपा मंडल अध्यक्ष राकेश रावत, अति विशिष्ट अतिथि गीता कुमाई ने खिलाड़ियों का परिचय लेकर फाइनल का शुभारंभ किया था। इस मौके पर प्रतियोगिता में विजेता टीम को 41000 व ट्रॉफी और उपविजेता टीम को 21000 वा ट्रॉफी भेंट की गई ।

# शांतिकुंज से देश व्यापी व्यसन मुक्ति रैली का शुभारंभ

हरिद्वार। गायत्री परिवार प्रमुख डॉ. प्रणव पण्ड्या एवं शैलदीदी के निर्देशन में देशभर में फैले प्रज्ञा संस्थानों ने व्यसन मुक्ति रैली निकाली।

विजयादशमी पर्व के अवसर पर रावण, कुंभकरण के पुतले जलाने के साथ ही दुर्व्यसनों को जड़ से निकाल फेंकने का आह्वान किया। शांतिकुंज में सैकड़ों पीतवस्त्रधारी लोगों ने हाथ में व्यसन मुक्ति के विभिन्न नारेकी पट्टी के साथ गेट नंबर तीन से व्यसन मुक्ति रैली का शुभारंभ किया। यह रैली में लोगों को अपने–अपने परिवार संबंधी, दोस्तों सहित परिचितों को दुर्व्यसनों से दूर रहने के लिए संकल्पित कराये गये। वहीं नशा मुक्त भारत बनाने की दिशा में सार्थक पहल करने की शपथ दिलाई गयी। इसके साथ ही देवसंस्कृति विश्वविद्यालय परिवार ने महाकाल मंदिर से व्यसन मुक्ति रैली की शुरुआत की। युवापीढ़ी को दुर्व्यसनों से दूर करने के लिए आवाहन किया गया। इस अवसर पर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से व्यसन से मुक्ति हेतु प्रेरित किया गया।

देवसंस्कृति विवि के प्रतिकुलपति डॉ. चिन्मय पण्ड्या ने कहा कि गौरवशाली युवा नेतृत्व एवं विश्व को आध्यात्मिक प्रकाश देने वाला देश भारत, वर्तमान समय में दुर्व्यसनों की आँधी में जा फँसा है। नशा सामाजिक एवं आध्यात्मिक दोनों ही दृष्टियों से निषिद्ध वस्तुओं में है। नशा करना एक ऐसी बीमारी है जिसे करता तो एक व्यक्ति है, पर उसकी सजा सारा समाज भुगतता है। नशे का यह घातक दुर्व्यसन एक ऐसी चुनौती के रूप में उभर कर सामने आया है कि यदि समय रहते इस विषमता का, विकृति का निराकरण न किया गया, तो देश का भविष्य एक ऐसे अंधकारमय गर्त में जा कर गिरेगा। जहाँ से उभर पाना संभव न हो सकेगा। गायत्री परिवार दशहरा–दीवाली को दुर्व्यसनों के नशासुर के अंत हो के संकल्प के साथ मनाएगा। श्याम बिहारी दुबे ने कहा कि नशा मुक्त भारत बनाने के लिए अधिक से अधिक जन आंदोलन चलाने के लिए प्रेरित किया।

## सीबीएसई नार्थ जोन शूटिंग–बाक्सिंग 26 से

देहरादून। सीबीएसई नॉर्थ जोन शूटिंग और बॉक्सिंग प्रतियोगिता का आयोजन सोशल बलूनी पब्लिक स्कूल में 26 से 29 अक्तूबर तक किया जाएगा। इसमें देश भर के स्कूलों से 1500 से अधिक निशानेबाज और मुक्केबाज भाग लेंगे। प्रतियोगिता की तैयारियों के लिए मंगलवार को बाक्सिंग एसोसिएशन की बैठक भी हुई। विपिन बलूनी के अनुसार 25 को खिलाड़ियों को यहां पहुंचना होगा। जिमसें उनका मेडिकल और वजन श्रेणी का निर्धारण किया जाएगा। प्रतियोगिता की शुरुआत 26 अक्टूबर सुबह दस बजे होगी। जिसमें सीबीएसई के रीजनल आफिसर डा. रणवीर सिंह मुख्य अतिथि होंगे। समापन और पुरस्कार वितरण 29 अक्टूबर को होगा।

# आबादी क्षेत्र में घुसा चार टस्कर हाथियों का झुंड

हरिद्वार। वन विभाग की तमाम कोशिशों के बाद भी जंगली हाथियों का आबादी क्षेत्र में आवागमन रुकने का नाम नहीं ले रहा है। बुधवार सुबह चार टस्कर हाथी जगजीतपुर के आबादी क्षेत्र में घुस गए। हाथियों के झुंड को देखकर लोगों में दहशत का माहौल बना रहा। वन विभाग के अनुसार बुधवार की सुबह चार टस्कर हाथियों का झुंड जगजीतपुर पुलिस चौकी के पास से होता हुआ आबादी क्षेत्र में आकर घुस गया। इस दौरान लोगों ने हाथियों के झुंड की वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल की। सूचना पर हरिद्वार वन प्रभाग की हरिद्वार रेंज के वनकर्मी मौके पर पहुंच गए। वन कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद तस्कर हाथियों के झुंड को जंगल की ओर सुरक्षित लौटा दिया। जगजीतपुर की गलियों से होकर जंगल की ओर लौट रहे टस्कर हाथियों की लोगों ने वीडियो भी बनाई। वन क्षेत्राधिकारी शैलेंद्र सिंह नेगी ने बताया कि आबादी क्षेत्र में हाथियों को आने से रोकने के लिए तमाम कोशिश की जा रही है। जंगल से निकाल कर आबादी क्षेत्र में आए हाथियों को सुरक्षित जंगल की ओर लौटा दिया गया है। वन कर्मियों की गश्त टीम को सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं।



## आयोग ने सहायक लेखाकार परीक्षा का चयन परिणाम जारी किया

हरिद्वार। उत्तराखंड लोक सेवा आयोग की ओर से सहायक लेखाकार परीक्षा–2022 के अंतर्गत अभ्यर्थियों का अंतिम चयन परिणाम जारी कर दिया गया है। आयोग की ओर से सहायक लेखाकार परीक्षा के अंतर्गत लिखित परीक्षा (वस्तुनिष्ठ प्रकार) और कंप्यूटर पर हिंदी टंकन परीक्षा के प्राप्तांकों के आधार पर अंतिम चयन परिणाम जारी किया गया है। सहायक लेखाकार परीक्षा–2022 में चयनित हुए विभिन्न अभ्यर्थियों के नाम और रोल नंबर की सूची आयोग की अधिकृत वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है। आयोग की ओर से 55 विभागों में सहायक लेखाकार के पदों पर चयन परिणाम जारी किया गया है। उत्तराखंड लोक सेवा आयोग के सचिव गिरधारी सिंह रावत ने बताया कि सहायक लेखाकार परीक्षा–2022 के अंतर्गत कंप्यूटर पर हिंदी टंकण परीक्षा 28 अगस्त से 11 सितंबर और 19 सितंबर–2023 को आयोजित कराई गई थी। हिंदी टंकण परीक्षा और लिखित परीक्षा में प्राप्तांकों की वरीयता के आधार पर सहायक लेखाकार परीक्षा का चयन परिणाम श्रेष्ठताक्रम में घोषित किया गया है। अभ्यर्थियों के प्राप्तांक और कट ऑफ मार्क्स की सूची भी वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है।

## मासूम को परिजनों को सौंपा

रुड़की। पुलिस ने पांच वर्षीय बच्चे के परिजनों को ढूंढ निकाला। परिवार को बच्चे का ध्यान करने की बात कही। पुहाना में पांच वर्षीय बच्चा लावारिस हालत में खड़ा था। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और बच्चे को अपनी सुरक्षा में लिया। बातचीत में बच्चे ने अपना नाम इशांत पुत्र सुधीर कुमार बताया। इसके बाद पुलिस ने बच्चे के परिजनों को ढूंढने के प्रयास शुरू कर दिए। थाना प्रभारी रमेश तनवार ने बताया कि बच्चे का परिवार करौंदी के एक किराये के मकान में रहता था। परिवार को ढूंढकर बच्चा उनको सौंप दिया गया।

# बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई

रुड़की। रोटरी क्लब की ओर से विश्व पोलियो दिवसपर सिविल अस्पताल में छोटे बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई गई। रोटरी क्लब के पूर्व सहायक गवर्नर सुभाष सरीन ने कहा कि इस दिवस का उद्देश्य पोलियों के खिलाफ जागरूकता बढ़ाना और इस बीमारी से निपटने की दिशा में संकल्प लेने का है। क्लब के सचिव वीरेंद्र जैन ने कहा कि रोटरी का यह संकल्प पूरे देश को पोलियो मुक्त बनाना है। पूजा नंदा ने कहा कि पोलियो एक खतरनाक रोग है जो मुख्यत बच्चों को प्रभावित करता है और उनके जीवन को कठिनाइयों में डाल देता है, लेकिन हमारे संकल्प और सहयोग से हम इस बीमारी को रोक सकते हैं।



# निर्माण कार्य में देरी पर मेयर नाराज

ऋषिकेश। मेयर अनिता ममगाईं ने चन्द्रेश्वरनगर में सोहेलदेव महाराज पार्क में चल रहे सौंदर्यीकरण के कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने समय अवधि पूर्ण होने के बावजूद कार्य अधूरा होने पर ठेकेदार से नाराजगी जताई। अधिकारियों से जल्द सौंदर्यीकरण कार्य पूर्ण करवाने और गुणवत्ता का ध्यान रखने के निर्देश दिए। मंगलवार को मेयर अनिता ममगाईं ने चंद्रेश्वरनगर स्थित वार्ड नंबर तीन में सोहेल देव महाराजा पार्क का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पार्क में चल रहे निर्माण कार्य में गुणवत्ता की कमी और कार्य अवधि पूर्ण होने के बावजूद अधूरे निर्माण को देख मेयर ने नाराजगी जताई। उन्होंने तत्काल मौके पर संबंधित ठेकेदार को तलब कर उनको एक सप्ताह के भीतर गुणवत्ता के साथ कार्य पूर्ण करने को कहा।



## धूमधाम से मनाया गया दुर्गा उत्सव

रुड़की। सबीजनीन दुर्गा पूजा कमेटी की ओर से आयोजित दुर्गा महोत्सव में महिलाओं ने सिंदूर खेला और पारंपरिक नृत्य किया। इसके बाद दुर्गा की मूर्ति का विसर्जन किया गया। पंचशील मंदिर में आयोजित दुर्गा महोत्सव के पांचवें दिन की शुरुआत पूजा और आरती के साथ हुई। इसके बाद महिलाओं ने सिंदूर खेला किया।

इसमें एक–दूसरे को सिंदूर लगाकर खुशहाली की कामना की। बताया कि माता दुर्गा दुष्ट शक्तियों को नष्ट करने के लिए जानी जाती हैं।

# अभद्र टिप्पणी से ब्राह्मण समाज में आक्रोश

देहरादून। संत पुण्यानंद गिरी की ओर से प्रवचन के दौरान ब्राह्मण समाज के बारे में अभद्र टिप्पणी से ब्राह्मण समाज में आक्रोश है। उन्होंने बयान की निंदा कर कार्रवाई की मांग की है। मंगलवार को ब्राह्मण समाज के लोगों ने परेड ग्राउंड से लैंसडाउन चौक तक पुण्यानंद गिरी के खिलाफ प्रदर्शन किया। प्रशासन के माध्यम से सीएम को ज्ञापन भेजकर कार्रवाई की मांग की है। पंडित सदानन्द सेमवाल ने कहा है कि धर्म की नगरी हरिद्वार के संत पुण्यानंद गिरी ने ब्राह्मण समाज के लिए अमर्यादित शब्दों का प्रयोग किया है, इससे ब्राह्मण समाज बहुत नाराज हैं। एक संत को इस तरह के शब्दों पर प्रयोग शोभा नहीं देता है। सामाजिक कार्यकर्ता मनीष गौनियाल ने चेतावनी दी है कि यदि सरकार ने कोई कार्रवाई नहीं की तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। प्रदर्शन करने वालों में पंडित अशोक बहुगुणा, आचार्य सूरज डिमरी, आचार्य सदानन्द सेमवाल, आचार्य सुनील शास्त्री, आचार्य सुधांशु, आचार्य मोहन, आचार्य चंद्रमोहन मौजूद रहे।

## नेपालियों ने दो स्थानीय युवकों पर किया हमला

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी** : गुलदार का हमला समझ बीच बचाव करने गए दो स्थानीय युवकों को नेपाली मजदूरों ने लाठीडंडों से हमला कर घायल कर दिया। हमले में दोनों युवकों को सिर पर गहरी चोटें आई हैं। युवकों ने पुलिस से शिकायत की है। पुलिस मामले की जांच शुरू कर दी है।

पौड़ी कोतवाल गोविंद कुमार ने बताया कि बीते देर शाम पौड़ी-श्रीनगर हाईवे पर बैंग्वाड़ी गांव के समीप रह रहे नेपाली मजदूरों में किसी बात को लेकर जमकर हल्ला हो रहा था। इसी बीच समीप के मल्ली गांव के युवकों ने गुलदार का हमला समझ बीच बचाव करने की कोशिश की। जिस पर नेपालियों ने बिना सोचे समझे युवकों पर लाठी डंडों से हमला कर दिया। जिसमें मल्ली निवासी राकेश कुमार व अमन के सिर पर गहरी चोटें आई हैं। स्थानीय लोगों ने उन्हें जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां डाक्टरों ने उनका प्राथमिक उपचार कर छुट्टी दे दी। बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

## भाजपाईयों ने निधन पर जताया शोक

**पौड़ी** : भाजपा जिला कार्यालय में दो पार्टी पदाधिकारियों के आकस्मिक निधन पर शोक सभा आयोजित हुई। कार्यकर्ताओं ने पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता भारत कुकरेती व अरूण कुमार खंडूड़ी के आकस्मिक निधन पर शोक व्यक्त किया। कार्यकर्ताओं ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की। शोक सभा में जिलाध्यक्ष सुषमा रावत, पालिकाध्यक्ष यशपाल बेनाम, पूर्व जिलाध्यक्ष मुकेश रावत, जिला महामंत्री शशीचंद्र रतूड़ी, नगर अध्यक्ष क्रांति किशोर नेगी, राजेंद्र रावत, नरेंद्र रावत, दिगंबर नेगी, संजय रावत, हिम्मत नेगी, संगीता डोभाल, ज्योति सुंदरियाल, राकेश रूडोला, आशीष थपलियाल, बबीता रावत, शिवानी, मनीष ममगाईं आदि शामिल रहे।

## वरिष्ठ अधिवक्ता के निधन पर जताया शोक

**पौड़ी** : जिले के वरिष्ठ अधिवक्ता एवं राज्य आंदोलनकारी, पूर्व जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी का मंगलवार को राजस्थान के अलवर में आकस्मिक निधन हो गया है। उनके निधन पर जिला अधिवक्ता संघ ने गहरा शोक जताया है। डीजीसी राजस्व महेंद्र असवाल ने बताया कि उनके निधन पर संघ ने दो मिनट का मौन रखते हुए श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया। बताया कि बुधवार को उनका अंतिम संस्कार हरिद्वार में किया जाएगा।

बताया कि उनके निधन पर जिला अधिवक्ता संघ बुधवार को न्यायिक कार्यों से विरत रहेंगे। शोक जताने वालों में संघ के अध्यक्ष सुभाषचंद्र रतूड़ी, पूरण सिंह नेगी, प्रेमबल्लभ पंत, महावीर सिंह रावत, अनुसूया प्रसाद उनियाल, राकेश रावत, विनोदानंद बड़थ्वाल आदि शामिल रहे।

## धूमधाम से मनाया जाएगा शहीदी दिवस

**पौड़ी** : शौर्य चक्र विजेता शहीद मनीष पटवाल की स्मृति में मेरा माटी मेरा देश शहीदी दिवस के रूप में गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी 26 अक्टूबर को अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कालेज कांसखेत में धूमधाम से मनाया जाएगा।

युवा क्षेत्रीय संगठन समिति एवं पूर्व सैनिक संगठन घंडियाल के पदाधिकारियों ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक राजकुमार पोरी, विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत सदस्य संजय डबराल, पूर्व सैनिक संगठन के जिला अध्यक्ष राजेंद्र सिंह राणा होंगे। जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता खंड शिक्षा अधिकारी संजय कुमार करेंगे।

# एक दिन पहले हटाया, दूसरे दिन फिर अतिक्रमण से पटा गोखले मार्ग

**पुलिस के लाख प्रयासों के बाद भी गोखले मार्ग में नहीं सुधर रही व्यवस्था, सोमवार को अभियान चलाने के बाद मंगलवार को फिर बिगड़ी व्यवस्थाएं**

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : सरकारी सिस्टम के लाख प्रयासों के बाद भी गोखले मार्ग की व्यवस्थाओं में सुधार नहीं कर पा रहा है। हालत यह है कि सोमवार को अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाने के बाद मंगलवार को मार्ग की स्थिति पूर्व की तरह ही नजर आई। अतिक्रमण के कारण आमजन का सड़क पर पैदल चलना भी मुश्किल हो गया था। ऐसे में मार्ग से गुजरने वाले व्यक्तियों को हर समय दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है।

गोखले मार्ग को खाली करवाने के लिए सरकारी सिस्टम कई योजनाएं बना चुका है। यही नहीं कुछ माह पूर्व मार्ग को खाली करवाने के लिए पीएसी की डेढ़ सेक्सन भी तैनात की गई थी। करीब दो सप्ताह तक पीएसी के जवानों ने अतिक्रमणकारियों पर कड़ी नजर रखी थी। जिससे शहर की यातायात व्यवस्था में काफी सुधार नजर आ रहा था। लेकिन, धीरे-धीरे व्यवस्थाएं दोबारा बेपटरी होती चली गई। प्रशासन व निगम के लाख प्रयासों के बाद भी रेहड़ी-ठेली व फड़ वालों का गोखले मार्ग से मोह नहीं छूट रहा।

### हर रोज बढ़ रहे अतिक्रमणकारी

गोखले मार्ग पर हर रोज अतिक्रमण कर रेहड़ी-ठेली व फड लगाने वालों की संख्या बढ़ती जा रही है। यह रेहड़ी-ठेली वाले कहां से आते हैं इस बारे में न ही पुलिस के पास कोई जानकारी है और न ही नगर निगम के पास। जबकि, पूर्व में मार्ग पर कई बार टप्पेबाजी की घटनाएं भी हो चुकी है। ऐसे में यदि कोई बड़ी घटना हुई तो पुलिस के हाथ खाली ही रहेंगे।

### सोमवार को दी थी चेतावनी

शहर में यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए पुलिस ने सोमवार को गोखले मार्ग में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया था। अभियान के दौरान पुलिस ने अतिक्रमणकारियों को सख्त हिदायत दी। लेकिन, मंगलवार को हालत पूर्व की तरह ही नगर आए। सड़क के दोनों ओर रेहड़ी-फड की दुकानें सजी हुई थी।



कोटद्वार के गोखले मार्ग पर अतिक्रमण के कारण लगा जाम

## पुण्यतिथि पर स्व. सुधींद्र नेगी को किया याद



आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते सदस्य

**कोटद्वार** : सामाजिक सरोकारों तथा पर्यावरण संरक्षण के लिए समर्पित पत्रकार स्व. सुधींद्र नेगी की द्वितीय पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान सदस्यों ने समाज सेवा के लिए नेगी के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

महापौर हेमलता नेगी की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आरंभ मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री सुरेन्द्र सिंह नेगी तथा विशिष्ट अतिथि लोक गायिका सोनिया आनन्द ने किया। वक्ताओं ने स्व. सुधीन्द्र नेगी को पत्रकारिता के लिए समर्पित बताते हुए कहा कि उन्होंने पर्यावरण संरक्षण तथा सामाजिक सरोकारों के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया। कार्यक्रम में उनके द्वारा स्थापित वार्षिक पत्रिका प्रयास के 14वें अंक का विमोचन किया गया। साथ ही शिक्षा में नवाचार के लिए राष्ट्रपति पुस्कार से सम्मानित शिक्षक दौलत सिंह गुसांई, पत्रकारिता के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान देने के लिए कमल बिष्ट, साहित्य सेवा के क्षेत्र में पूर्व प्रधानाचार्य डा. मनोरमा ढौंडियाल, नारी सशक्तिकरण के क्षेत्र में डा. इन्दु नौटियाल, पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में संजीव खत्री व समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर विरेन्द्र सिंह नेगी को सुधीन्द्र सम्मान से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पार्षद अमित नेगी, नागेंद्र उनियाल, सूरज कुकरेती, स्व. सुधीन्द्र नेगी की माँ दर्शनी देवी, पत्नी पुष्पा देवी तथा अन्य स्वजनों सहित क्षेत्र के लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन सुभाष चन्द्र नौटियाल ने किया।

## लक्ष्मण शक्ति और हनुमान जी का संजीवनी बूटी लाने का दृश्य रहा रोमांचक

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी** : रामलीला की नौवीं संध्या हनुमान जी की वंदना जै दुःख भजन, मारुति नंदन से शुरू हुई।

भाव नृत्य में मिहिका रावत ने मनमोहक प्रस्तुति दी। रामलीला देखने के लिए भारी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं। मुख्य अतिथि आह्वाहन संस्था की प्रबन्धक प्रियंका थपलियाल ने आयोजन समिति की सराहना करते हुए कहा कि अनवरत 123 वां मंचन करना अपने आप में समिति के सार्थक प्रयासों को दर्शाता है। उन्होंने बेहतरीन रामलीला मंचन की सराहना की।

लीला मे सेतुबंधु रामेश्वर निमाण, राम समुद्र संवाद, मंदोदरी रावण संवाद, रावण विभीषण संवाद, राम द्वारा विभीषण का राज तिलक, अंगद रावण संवाद, मेघनाद लक्ष्मण युद्ध, लक्ष्मण शक्ति, राम विलाप, सुषैण वैद्य का आना, हनुमान जी का संजीवनी बूटी का लाना, लक्ष्मण की मूर्छा टूटना तक मंचित की गई। रावण विभीषण संवाद में विभीषण की भूमिका में आशुतोष नैथानी का गायन तेरा अभिमान सब जाता रहेगा, बहुत तू मन में पछताता रहेगा दर्शकों द्वारा काफी सराहा गया। वहीं अंगद रावण संवाद में अंगद के अभिनय कर्ता हिमांशु चौहान ने अपने गायन बोल संभार अधम अभिमानी, राम मनुज कस रे अज्ञानी। जनक सभा में सब महिपाला, थके धनुष नहीं, उठत कराला से अपने अभिनय का लोहा मनवाया।

लक्ष्मण शक्ति और वायु मार्ग से हनुमान जी का संजीवनी बूटी के लाने का दृश्य रोमांचक रहा। इन दृश्यों को तैयार करने में प्रदीप रावत, मंगल सिंह नेगी, वैभव रावत, अशीष नेगी, नवीन मियां, कुलदीप गुसाईं ने महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। समुद्र देव की भूमिका गोपाल नेगी, सुषैन वैद्य नवीन नैथानी तथा मेघनाद की भूमिका अंकित नेगी कर रहे हैं।

इस अवसर पर हे न ब केंद्रीय विश्विविद्यालय पौड़ी परिसर के अध्यक्ष ऋतिक असवाल, सचिव ऋतिक रावत, कोषाध्यक्ष लवेश नेगी आदि मौजूद थे।

## गिरि गंगा गौरव सम्मान से सम्मानित होगें डा. पुरोहित

**श्रीनगर गढ़वाल** : हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय के उच्च शिखरीय पादप कार्यिकी शोध केंद्र (हैप्रेक) के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. विजयकांत पुरोहित को गिरि गंगा गौरव सम्मान 2023 से नवाजा जाएगा। यह सम्मान उन्हें मैती संस्था की ओर से गढ़वाल विवि के हैप्रेक संस्थान में 30-31 अक्तूबर को होने वाली राष्ट्रीय कार्यशाला में मैती संस्था के संस्थापक-सचिव पदमश्री डॉ. कल्याण सिंह रावत मैती की ओर से दिया जाएगा। डॉ. पुरोहित को यह सम्मान बुग्याल एवं पर्यावरण संरक्षण, संवर्द्धन की दिशा में मौलिक शोध एवं जन जागरूकता में उल्लेखनीय कार्य करने के लिए दिया जाएगा। (एंजेसी)

## राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ने की शस्त्रों की पूजा

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : विजय दशमी पर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की ओर से शस्त्रों की पूजा की गई। इस दौरान स्वयं सेवकों ने भगवान श्री राम के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

मंगलवार को जानकीनगर स्थित विद्या मंदिर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला संचालक विष्णु व जिला बौद्धिक प्रमुख सतीश ने स्वयं सेवकों को विजय दशमी के महत्व के बारे में बताया। कहा कि समाज को बेहतर दिशा में ले जाने के लिए हमें भगवान राम के बताए मार्ग पर चलना चाहिए। राजमहल का सुख त्याग कर भगवान राम वन को चले गए थे। नगर प्रचारक प्रमुख राजेश जोशी ने कहा कि हिंदुओं को एकजुट करने के लिए वर्ष 1925 में विजय दशमी के दिन आरएसएस की स्थापना की गई थी। आज संघ से देश विदेश में सैकड़ों लोग जुड़े हुए हैं। संघ लगातार समाज सेवा में अपना प्रमुख योगदान दे रहा है। कहा कि श्रीराम का जीवन आदर्श और कर्तव्यों पर आधारित है, इसलिए उन्हें मर्यादा पुरुषोत्तम कहा जाता है। रामचरित मानस के द्वारा तुलसीदास ने प्रभु श्रीराम के जीवन से उनके आदर्शों को सीखने का संदेश दिया है। लंका चढ़ाई के समय श्रीराम ने विनय पूर्वक समुद्र से मार्ग देने की गुहार लगाई। समुद्र से आग्रह करते हुए श्रीराम को तीन दिन बीत गए। लेकिन समुद्र का उस पर कोई प्रभाव नहीं हुआ, तब भगवान राम समझ गए कि अब अपनी शक्ति से उसमें भय उत्पन्न करना अनिवार्य है। रामायण की कथा से हमें यह सीख मिलती है कि यदि आग्रह से जब काम न बने तो फिर भय से काम निकाला जाता है।



आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते स्वयं सेवी

## धार्मिक स्थलों को चलाई जाएं ट्रेन

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : भाजपा के सदस्य मंगतराम अग्रवाल ने कोटद्वार से मथुरा, आगरा व वैष्णो माता दर्शन के लिए ट्रेन चलवाने की मांग की है। इस संबंध में उन्होंने राज्यसभा सांसद अनिल बलूनी को ज्ञापन दिया। बताया कि कोटद्वार को गढ़वाल का द्वार कहा जाता है। ऐसे में यहां से खाटू श्याम बाबा के नाम से धार्मिक स्थलों के लिए ट्रेन का संचालन किया जाना चाहिए। इससे श्रद्धालुओं को काफी लाभ मिलेगा।

## आंचल ने बनाई सबसे अच्छी ड्राइंग

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : रोटरी क्लब की ओर से अमृत कला ड्राइंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों के 40 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इस दौरान प्रतियोगिता में आंचल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

नजीबाबाद रोड़ स्थित रोटरी भवन में आयोजित प्रतियोगिता का शुभारंभ रोटरी अध्यक्ष कुलदीप अग्रवाल ने किया। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजनों से छात्रों की प्रतिभा निखारने मे सहायता मिलती है। कहा कि प्रतियोगिता में छात्रों को भारत सरकार की विभिन्न कल्याणकारी परियोजनाओं का देश पर सकारात्मक प्रभाव विषय पर ड्राइंग बनाने के लिए कहा गया था। संयोजक बीना रावत ने बताया कि इस रचनात्मक प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चों के अन्दर के कलाकार को प्रोत्साहन देना था। प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने अपनी ड्राइंग कला का बेहतरीन प्रदर्शन किया। इनमें से सर्वश्रेष्ठ 25 कलाकृतियों को मण्डल स्तर पर भेजा गया।

प्रतियोगिता में महर्षि कण्व विद्या निकेतन की छात्रा आंचल ने प्रथम, इसी विद्यालय के साहिल बिष्ट ने द्वितीय, रोहित अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कालेज उमरावनगर की वैदेही रावत व महर्षि कण्व विद्या निकेतन के हिमांशु बिष्ट ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया।

रोहित अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कालेज उमरावनगर के निशित रावत को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। इस अवसर पर सचिव प्रतिभा गुप्ता, संध्या नेगी, अनीत चावला, वाईपी गिलरा, विजय कुमार माहेश्वरी, डीपी सिंह, अशोक अग्रवाल, गोपाल बंसल और अनीता गिलरा सहित क्लब के सभी सदस्य मौजूद रहे।



प्रतियोगिता में विद्यार्थी द्वारा बनाई गई ड्राईंग

## सफाई कर्मी अलकनंदा में डूबा, तलाश जारी

**श्रीनगर गढ़वाल** : नगर निगम में कार्यरत स्थायी सफाई कर्मी (पर्यावरण मित्र) अलकनंदा नदी में डूब गया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस, जल पुलिस, एसडीआरएफ एवं आपदा टीम ने डूब हुए व्यक्ति के बचाव के लिए सर्च अभियान चलाया, लेकिन उसका कहीं पता नहीं चल पाया। टीम की ओर से व्यक्ति की तलाश जारी है।

कोतवाली निरीक्षक विनोद गुसांई ने बताया कि मंगलवार सुबह नगर निगम में कार्यरत सफाई कर्मी अनिल (45) निवासी नर्सरी रोड, बहुगुणा मार्ग, वाल्मीकि मोहल्ला साढ़े दस बजे के करीब परिवार व अन्य मोहल्ला वासियों के साथ दशहरा पूजा के लिए नैथाना पुल के पास नदी के किनारे गया था। इस दौरान स्नान करते-करते तैरते समय लगभग 11 बजे वह तेज बहाव की चपेट में आने से डूब गया। उन्होंने बताया कि पुलिस को इसकी सूचना मिलते ही पुलिस, जल पुलिस, एसडीआरएफ, आपदा दल मौके पर पहुंचा। काफी ढूंढ खोज करने के बाद भी उसका कहीं पता नहीं चल पाया। उन्होंने बताया कि व्यक्ति की तलाश जारी है। (एंजेसी)

## विजयदशमी पर की शस्त्रों की पूजा

**पौड़ी** : असत्य पर सत्य की जीत के प्रतीक विजयदशमी पर्व पर पुलिस लाईन पौड़ी में पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को साथ विजयादशमी की शुभकामनाएं दी गई। पुलिस लाईन स्थित शस्त्रागार में शस्त्रों की पूर्ण विधि-विधान एवं मंत्रोच्चार के बीच शस्त्र पूजा करते हुए जिले में सुख-शांति एवं समृद्धि की मंगलकामना की गई। साथ ही वर्तमान में बढ़ते नशे के प्रचलन के दृष्टिगत सभी से आवह्वान किया गया कि नशा रूपी रावण का संहार करने में जनपद पुलिस का सहयोग करें। इस मौके पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्वेता चौबे, एएसपी अनूप काला, सीओ सदर श्याम दत्त नौटियाल, प्रतिसार निरीक्षक अनुराग कुमार आदि मौजूद रहे।



विजयदशमी पर की शस्त्रों की पूजा करते हुए एसएसपी श्वेता चौबे।

## दो माह से खुला पड़ा सीवर लाइन का मेन होल, बना खतरा

**श्रीनगर गढ़वाल** : श्रीनगर में नगर निगम के अंतर्गत सड़कों की हालत खस्ताहाल होने से लोगों में गहरी नाराजगी है। नगर निगम कार्यालय गेट से होकर गुजर रही नर्सरी रोड की सबसे बुरी स्थिति बनी हुई है। इस मार्ग पर सफाई व्यवस्था से लेकर सड़कों पर बने हुए गड्ढे लोगों के लिए परेशानी का कारण बना हुए हैं। इसी मार्ग पर दो महीने से अधिक समय से सीवर लाइन का मेन होल खुला पड़ा हुआ है। जिससे वाहनों की आवाजाही एवं पैदल चलने वाले लोगों के लिए दुर्घटना का खतरा बना हुआ है।

नर्सरी रोड पर नए रेलवे पुल के समीप सड़क पर बना हुआ सीवर लाइन के मेन होल का ढ़क्कन करीब दो माह पूर्व क्षतिग्रस्त हो गया था। जिसे ठीक करने के बजाय नगर निगम व संबंधित विभाग द्वारा गड्ढे के चारों ओर पत्थर रख दिए गए थे। लेकिन कुछ दिनों से यह गड्ढा खुला पड़ा हुआ है। इस मार्ग से बड़ी संख्या में स्कूली बच्चों व अन्य लोग गुजरते हैं, साथ ही भारी वाहनों की भी बड़ी संख्या में इस मार्ग से आवाजाही है। बावजूद सीवर लाइन के इस मेन होल को बंद करने के लिए नगर निगम व सबंधित विभाग की ओर से ठोस कार्यवाही नहीं की जा रही है। नगर निगम के सहायक नगर आयुक्त रवि राज बंगारी का कहना है कि सबंधित विभाग को इस संदर्भ में निर्देशित किया गया है। कहा जल्द ही इस समस्या का समाधान हो जाएगा। (एंजेसी)

## पुलिस चौकी प्रभारी के खिलाफ कार्रवाई की मांग

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**श्रीनगर गढ़वाल** : हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विवि के छात्र नेता व एबीवीपी के जिला संयोजक अमन पंत ने पुलिस चौकी प्रभारी चौरास के खिलाफ कोतवाली कीर्तिनगर में तहरीर कार्रवाई की मांग की है।

तहरीर में उन्होंने कहा है कि 20 अक्तूबर को चौरास परिसर में रात को हुई मारपीट के दौरान वह छात्रों से बातचीत के लिए परिसर में गए थे, इसी दौरान चौकी प्रभारी ने उनके साथ अभद्रता की। उन्होंने चौकी प्रभारी पर एबीवीपी कार्यकर्ताओं को धमकाने का आरोप भी लगाया।

उन्होंने कहा है कि कीर्तिनगर से चौरास, बडियारगढ़, सिल्काखाल आदि क्षेत्र में शराब एवं चौरास क्षेत्र में चरस की तस्करी सबंधी सूचना चौकी प्रभारी को दी गई, लेकिन इस मामले में कोई कार्यवाही नहीं की गई। उन्होंने तहरीर में उक्त मामलों में चौकी प्रभारी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। कार्रवाई न होने पर उन्होंने एबीवीपी द्वारा आंदोलन की चेतावनी भी दी है।

### छात्र नेता के खिलाफ दर्ज है मुकदमा

श्रीनगर गढ़वाल : गत 20 अक्तूबर को चौरास परिसर स्थित छात्रावास में मारपीट मामले के बाद ड्यूटी पर तैनात चौकी प्रभारी सत्येंद्र भंडारी ने जनपद पौड़ी के एबीवीपी जिला संयोजक व गढ़वाल विवि के छात्र नेता पर अभद्रता किए जाने का आरोप लगाया था। इस मामले में उनकी ओर से कोतवाली में तहरीर दी गई थी। जिस पर अमन पंत के खिलाफ कीर्तिनगर कोतवाली में केस दर्ज किया गया था। कोतवाली निरीक्षक कमल मोहन भंडारी ने कहा कि ड्यूटी पर तैनात चौकी प्रभारी के साथ अभद्रता के मामले में जांच जारी है। कहा दूसरे पक्ष अमन पंत की ओर से दी गई तहरीर पर भी जांच की जाएगी।

# अल्मोड़ा में धूमधाम से मनाया दशहरा पर्व, ढोल-नगाड़ों के साथ निकाले रावण परिवार के पुतले







अल्मोड़ा : दशहरा पर्व पर अल्मोड़ा में धूम रही। नगर में ढोल नगाड़ों के साथ रावण परिवार के पुतलों का जुलूस निकाला गया। सांस्कृतिक नगरी अल्मोड़ा का दशहरा विश्वविख्यात माना जाता है। अल्मोड़ा के दशहरे का अलग ही अंदाज़ है। यहाँ का दशहरा देखने देश विदेश से पर्यटक आते हैं। इस वर्ष भी दशहरा महोत्सव विगत वर्षों से चली आ रही परंपरा के अनुसार ही मनाया गया। नगर के सभी मोहल्लों से बनाए गए रावण परिवार के पुतले सर्वप्रथम नगर पालिका पार्किंग पर एकत्र हुए। जहाँ से पुतलों को ढोल नगाड़ों के साथ जुलूस की शक्ल में पूरे बाजार में घुमाया गया। बाजार से जुलूस के बाद पुतलों का दहन एसएसजे परिसर के जूलॉजी विभाग के प्रांगण में हुआ। विगत वर्ष तक पुतलों का दहन स्थानीय स्टेडियम में होता था परन्तु इस वर्ष स्टेडियम में निर्माण कार्य होने के चलते वैकल्पिक व्यवस्था के तहत कॉलेज के जूलॉजी प्रांगण में पुतला दहन हुआ। स्थान की कमी के चलते इस वर्ष पुतलों की संख्या भी कम रही। जहाँ पिछले वर्ष तक रावण परिवार के दो दर्जन से अधिक पुतले बनते थे वहीं इस वर्ष यह संख्या 15 पर सिमट गई है। अल्मोड़ा का दशहरा हिन्दू मुस्लिम एकता की मिसाल है, यहाँ महीने भर पहले से हिन्दू के साथ मुस्लिम युवा मिलकर पुतलों का निर्माण करते हैं। अल्मोड़ा का दशहरा पहाड़ की संस्कृति की पहचान है एक पुतले के शुरू हुआ दशहरा आज दो दर्जन से अधिक पुतलों तक पहुंच गया था वर्तमान वर्ष में स्थान की कमी के चलते यह संख्या 15 रही। पहले के समय में अल्मोड़ा में बिजली की व्यवस्था नहीं थी, तब मशालों से अल्मोड़ा के बद्रेश्वर में रामलीला की शुरुआत की गई थी। पहले रावण का ही पुतला बनता था फिर समय के साथ पुतलों की संख्या बढ़ती गई और आज लगभग सभी मोहल्लों में रावण परिवार के पुतले बनते हैं। प्रशासन भी इस दशहरा महोत्सव को बेहतर बनाने के लिए प्रयास कर रहा है।

## मेघनाद के शक्ति प्रयोग से लक्ष्मण हुए मूर्छित, हनुमान ने संजीवनी वूटी लाकर बचाए प्राण

अल्मोड़ा : रामलीला समिति कर्नाटक खोला अल्मोड़ा की नवम दिवस की रामलीला में अतिकाय वध, अंगद-रावण संवाद, रावण-मन्दोदरी संवाद, मेघनाद-लक्ष्मण संवाद, लक्ष्मण शक्ति, कालनेमी प्रसंग, हनुमान द्वारा द्रोणांचल पर्वत लाया जाना, सुषेन वैद्य प्रसंग, लक्ष्मण का पुनर्जीवित होना आदि मुख्य आकर्षण रहे। देर रात्रि तक दर्शकों ने लीला का आनन्द लिया व कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। साथ ही देश–विदेश में लोगों ने अपने घर पर ऑनलाइन लीला का आनन्द लिया तथा रामलीला मंचन की सराहना की। सर्वप्रथम नवम दिवस की रामलीला का शुभारम्भ मुख्य अतिथि अरुण सोनी अधिशासी अभियंता तथा



विशिष्ट अतिथि डॉ. लक्ष्मण हृदय रोग विशेषज्ञ द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। अतिथियों ने अपने सम्बोधन में कहा कि हमें पुरूषोत्तम भगवान राम के जीवन चरित्र व आदर्शों से प्रेरित होकर तद्नुरूप कार्य करना चाहिए भटकाव के मार्ग में न जाकर समाज में अपनी एक आदर्श छवि स्थापित करते हुये समाज हित में कार्य करने चाहिए। नवम दिवस की लीला में राम की कलाकार रश्मि काण्डपाल, लक्ष्मण की पात्र दीक्षा कनार्टक,रावण के पात्र पूर्व मंत्री बिट्टू कर्नाटक सहित सभी कलाकरों ने जीवंत अभिनय किया।

### नेपाल सीमा पर बेहतर संचार सुविधा की मांग उठाई

पिथौरागढ़ : भारत-नेपाल सीमा से लगे भारतीय गांवों में संचार सुविधा की कमी से लोग परेशान हैं। लोगों को परिजनों से बात करने के लिए नेपाली सिम का सहारा लेना पड़ रहा है। प्रसिद्ध तालेश्वर मंदिर से सटे खोलाकटियानी, दौबांस, बांस, अमकोट, रणवा, अमतडी, सिमलखेत व धारचूला के ग्रामीणों को बात करने के लिए नेपाल संचार कंपनियों का सहारा लेना पड़ रहा है। मनोज जोशी, अनिल सिंह, मनोज थापा ने कहा कि शासन व प्रशासन सीमांत गांवों में नेटवर्क सुविधा शुरू करने के लिए कोई कदम नहीं उठा रहा है।

## नम आखों से दी मां दुर्गा को विदाई

रुद्रपुर : दुर्गा पूजा के तहत दशमी विहित पूजा के साथ शक्ति की देवी का दर्पण विसर्जन किया गया। पांच दिवसीय पूजा कार्यक्रम के अंतिम दिन मां दुर्गा को सिंदूर लगाकर शंरव और उलू ध्वनि के बीच नम आंखों से विदाई देकर कैलाश के लिए रवाना किया। इधर, मंदिर प्रांगण के रंगमंच पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का सिलसिला जारी है। मंगलवार को नगर के मुख्य मंदिर में पुरोहित ने वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच दशमी पूजा संपन्न कराई। इसके बाद पुरोहित के साथ श्रद्धालुओं ने मंदिर के सप्त परिक्रमा कर मां का दर्पण विसर्जन किया। महिलाओं ने महामाई को सिंदूर लगाकर मन्नतें मांगी और सुख समृद्धि की कामना की। इसके बाद महिलाओं ने एक दूसरे को सिंदूर लगाते हुए सिंदूर की होली खेली। पुरोहित के अनुसार षष्ठी के दिन घोड़े पर सवार होकर पृथ्वी पर आई मां पुणः घोड़े पर सवार होकर कैलाश को रवाना हो गईं। इधर, सांस्कृतिक कार्यक्रमों के तहत सोमवार रात को धर्मानगर मंदिर परिसर में रंगमंच पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ रुद्रपुर के पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मीना शर्मा और अनिल शर्मा ने संयुक्त रूप से किया। इसके साथ ही नगर सहित सभी सात स्थान पर हो रही दुर्गा पूजा का समापन हो गया। दुर्गा पूजा महोत्सव के तहत सांस्कृतिक कार्यक्रम जारी हैं। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष सीमा सरकार, ललिता सरकार, डॉ. रंजना दुबे, सुनीता मिस्त्री, हेमा चक्रवर्ती, डोली मल्लिक, कनुप्रिया शाह, लक्ष्मी राय, श्रति राय, ममता हालदार, सरस्वती मंडल, नीतू मंडल, सुष्मिता चटर्जी, अशोक मिस्त्री, मनोज राय, ओमियो विश्वास, गोविंद मंडल, हिमांशु सरकार, सत्यजीत विश्वास, पोजीत मंडल समेत काफी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। (एजेंसी)

### विजयादशमी पर किया शस्त्र पूजन

रुद्रपुर : विजयादशमी के पावन पर्व पर अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ने शस्त्र पूजन का आयोजन किया। मंगलवार को महासभा के राष्ट्रीय महामंत्री संजीव कुमार सिंह के प्रतिष्ठान पर पंडित शम्भू नाथ चौबे ने विधि–विधान से शस्त्र पूजा सम्पन्न कराई।

## गुरिल्ले गैराड़ गोलू देवता के दरबार में लगाएंगे पुकार

अल्मोड़ा : एसएसबी स्वयं सेवक कल्याण समिति के केन्द्रीय अध्यक्ष ब्रह्मानन्द डालाकोटी एवं जिलाध्यक्ष शिवराज बनौला ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में बताया कि 26 अक्टूबर को अल्मोड़ा में गुरिल्लों के धरने को 14 वर्ष पूरे हो जाएंगे। धरने के 15वें वर्ष में प्रवेश की शुरुआत संगठन गैराड़ डाना गोलज्यू मंदिर में पूजा अर्चना तथा यज्ञ से करेगा। विज्ञप्ति में कहा गया है कि गुरिल्लों द्वारा पूर्व में दो बार चितई गोलज्यू मंदिर में सरकार के लिए घात भी लगाई थी। बिनसर में स्थापित गैराड़ डाना गोलज्यू को भी गरीबों की सहायता करने, पुकार सुनने, तत्काल चेटक लगाने वाले देवता के रूप में जाना जाता है। इसलिए गुरिल्लों ने निर्णय लिया है कि 26 अक्टूबर को पूजा-अर्चना, बुद्धि-शुद्धि यज्ञ के बाद गैराड़ डानागोलू देवता को गुरिल्लों द्वारा अपनी पुकार भी लगाई जाएगी। विज्ञप्ति में यह भी बताया गया है कि गुरिल्लों की मांगों को जहां सरकार विगत 17 वर्षों से टाल मटोली करती आ रही है, वहीं ताजा घटनाक्रम में 9 अगस्त 2023 को अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी द्वारा मुख्यमंत्री जी के साथ शीघ्र वार्ता कर समस्या समाधान के आश्वासन पर भी कार्यवाही नहीं हो पाई है। जब भी मुख्यमंत्री कार्यालय में इस सम्बन्ध में संपर्क किया जाता है तब या तो कोई जबाब नहीं मिलता या अभी मुख्यमंत्री जी विदेश यात्रा पर हैं आने पर कार्यवाही होगी ऐसा जबाब दिया जा रहा है। इसलिए गुरिल्ले तत्काल चेटक (प्रभाव) दिखाने वाले गैराड़ डाना गोलज्यू को गुहार लगाने को मजबूर हो गए हैं। 27 अक्टूबर से धरना पूर्ववत चलेगा। संगठन के जिलाध्यक्ष शिवराज बनौला ने गुरिल्लों से अधिक से अधिक संख्या में 26 अक्टूबर को 10 बजे बिनसर गैराड़ बैंड स्थित डाना गोलज्यू मंदिर पहुंचने की अपील की है। (एजेंसी)

### चोरों ने दिनदहाड़े अल्मारी से लाखों के गहने उड़ाए

रुद्रपुर : चोरों ने गृह स्वामी की गैर मौजूदगी में छत के रास्ते घर में घुसकर अलमारी से लाखों रुपये कीमत के सोने के जेवर चोरी कर लिए। घटना का पता चलने पर पीड़ित ने पुलिस को तहरीर सौंपी है। मंगलवार को नगर के वार्ड नंबर 6 नानकमत्ता निवासी अशोक कुमार चौहान ने पुलिस को सौंपी तहरीर में बताया है कि 24 अक्तूबर को सुबह समय करीब 11 बजे वह अपने घर पर नहीं था। उसकी पत्नी बच्चों को ट्यूशन के लिए छोड़ने गई थी। इसी दौरान मकान की छत से घर में घुसकर चोरों ने घर के अंदर रखी अलमारी के अंदर से एक जोड़ी सोने के टॉप्स, झुमके, मांग टीका, हार, नथ, एक जोड़ी चांदी के बिछुए व दो जोड़ी चांदी के पायल चोरी कर ली।

## दशहरे पर निकली दुर्गा माता की शोभायात्रा

अल्मोड़ा : दशहरे के अवसर पर अल्मोड़ा में दुर्गा माता की शोभायात्रा निकाली। इस दौरान झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। झांकियों में नगर के लोगों ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया।

नवरात्रि के समापन पर मंगलवार को नगर के सभी मोहल्लों से दुर्गा माता की शोभा यात्रा निकाली गई। नगर के सभी दुर्गा पंडालों से दुर्गा माता की प्रतिमाएं झांकी में सजाकर शिखर तिराहे पर पहुंची।

जहाँ से झांकियां मुख्य बाजार होते हुए क्वारब विसर्जन स्थल को रवाना हुई। झांकियों में भक्त उत्साह में झूमते गाते नजर आए। इससे पहले नगर के विभिन्न मोहल्लों से निकली झांकियों का जगह-जगह भव्य स्वागत किया



गया। रास्ते में लोगों ने घरों की छतों से झांकियों पर पुष्प वर्षा की। झांकियों में सजावट के साथ डीजे पर भजन भी बज रहे थे जिसकी धुन पर भक्त नाच रहे थे। यहाँ देवी की झांकियों में नगर के लक्ष्मेश्वर, चौघानपाटा, खत्याड़ी, ढूँगाधारा, राजपुरा, पातालदेवी आदि स्थानों से झांकियां शिखर तिराहे पर पहुँची। जहाँ से झांकियों को मूर्ति विसर्जन हेतु मुख्य बाजार होते हुए कोसी और सुयाल नदी के संगम स्थल क्वारब ले जाया गया जहाँ मूर्तियों को विधिवत विसर्जित किया गया। (एजेंसी)

## पुलिस ने कार से एक लाख से अधिक का गांजा किया बरामद

अल्मोड़ा : भतरौजखान पुलिस ने कार से एक लाख से अधिक का गांजा बरामद करने में सफलता प्राप्त की है। वहीं गांजा तस्करी कर रहे 02 युवक भी गिरफ्तार किए हैं। जनपद के एसएसपी रामचन्द्र राजगुरु द्वारा मुख्यमंत्री के संकल्प ह्लड्रग्स फ्री देवभूमि मिशन 2025ह्व को सफल बनाने के उद्देश्य से जनपद में पुलिस कार्मिकों को मादक पदार्थों की तस्करी व बिक्री करने वाले नशा तस्करों पर कड़ी कार्यवाही किये जाने के सख्त निर्देश दिये गये हैं।



सीओ रानीखेत तिलक राम वर्मा के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष भतरौजखान मदन मोहन जोशी के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा सोमवार 23 अक्टूबर की रात्रि में पुलिस सहायता केन्द्र मोहान पर चेकिंग के दौरान वाहन संख्या यूके04एजे–5953 मैगनेट निशान कार में सवार अभियुक्त संदीप सैन (28 वर्ष) पुत्र बहादुर चन्द्र सैन निवासी हरिपुरा, जिला ऊधमसिंहनगर व हिमांशु आर्या (28 वर्ष) पुत्र ललित आर्य, निवासी ग्राम सलना, द्वाराहाट, जिला अल्मोड़ा के कब्जे से एक प्लास्टिक के कट्टे में 7.900 किग्रा गांजा बरामद होने पर अभियुक्तगण को गिरफ्तार व गांजा तस्करी में प्रयुक्त वाहन कार को सीज करते हुए थाना भतरौजखान में एन.डी.पी.एस. एक्ट के तहत एफआईआर पंजीकृत कर आवश्यक कार्यवाही की गई है। मामले में थानाध्यक्ष भतरौजखान मदन मोहन जोशी ने बताया कि पूछताछ में अभियुक्तगणों द्वारा उक्त गांजा रानीखेत के आस-पास के इलाके से एक व्यक्ति से खरीद कर लाना बताया गया है, जिसे वह तराई की तरफ ले जाकर छोटी-छोटी पुड़िया बनाकर अधिक दाम में बेचकर लाभ कमाने के उद्देश्य से ला रहे थे।

### विजयादशमी का पर्व धूमधाम से मनाया

चम्पावत। चम्पावत और लोहाघाट में विजयादशमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। लोगों ने देवालयों में जाकर पूजा अर्चना की। सुई, बिशुंग, रायनगर चौड़ी डैंसली, कोयाटी, टूड़ा, भुमलाई, फोर्ती आदि गांवों के देवालयों में ईष्ट देवताओं की विशेष पूजा पाठ की गई। बाराकोट ब्लॉक के रेगड़ू में पूजा अर्चना के साथ तीन दिवसीय महोत्सव का समापन हो गया। छंदा, खकोड़ा चाक गांव से पहुंचे जत्थों का शिव मंदिर में समागम हुआ।

देव डांगरों ने अवतरित होकर आशीर्वाद दिया। ग्राम सभा सुई पऊ के गलचौड़ा बाबा मंदिर में विजय दशमी के अवसर पर जय गलचौड़ा बाबा सेवा समिति की ओर से भंड़ारे का आयोजन किया गया।

## भूमि बचाओ आंदोलनकारियों ने तहसील गेट पर जलाया षड़यंत्रकारियों का पुतला

काशीपुर। भूमि बचाने की लड़ाई लड़ रहे आंदोलनकारियों ने दशहरे के दिन तहसील गेट पर 20 गांवों की भूमि पर रोक लगाने का षड्यंत्र रचने वालों का रावण रूपी पुतला दहन किया। मंगलवार को तहसील गेट पर जमा आंदोलन से जुड़े किसान, व्यापारी व मजदूरों ने नाराजगी जताते हुए भूमि मामले का षड्यंत्र रचने वाले लोगों का रावण रूपी पुतला जलाया। आंदोलन के आयोजक रजनीत सिंह सोनू ने कहा, अभी उम्मीद है कि उनके हक उन्हें लौटाए जाएंगे। कहा, जल्द नई रणनीति के कार्यक्रम शुरू होंगे। वहीं जगतार सिंह बाजवा ने कहा, वर्षों से इस भूमि पर रह रहे लोगों को भूमिधरी अधिकार सरकार से मिला था। एक अधिकारी ने इस मामले को उलझाया जिसके लिए



लोग अपने ही हकों के लिए आंदोलन कर रहे हैं। इस मौके पर जनकवि बल्ली सिंह चीमा, विचित्र सिंह, अशोक गोयल, कलीराम बंसल, सुखवंत सिंह, रणजीत सिंह शॉकर, बलदेव सिंह, जसमीत भुल्लर, सन्नी खैरा, नत्था सिंह, दारा दिलेर रंधावा, राजकिशोर सिंह, गुरजीत सिंह, सतनाम सिंह रहे।

## निगम का बजट बचाने के लिए यूयूएसडीए से मांगी गलियों की सूची व नक्शा

हल्द्वानी। नगर निगम क्षेत्र में एडीबी की ओर से 799.66 करोड़ के बजट से पेयजल, सीवर और वर्षा जल निकासी के काम कराए जाने हैं। वहीं नगर निगम इन दिनों शहर की सड़कों की मरम्मत करा रहा है। मरम्मत के बाद सड़कों की खुदाई न हो जाए, इसी आशंका में निगम ने कार्यदायी संस्था यूयूएसडीए से उन गलियों की सूची और नक्शे मांगे हैं, जहां विकास कार्य कराए जाने हैं। एडीबी की ओर से मिले 2250 करोड़ रुपये में से शहर में होने वाले पेयजल, सीवर और वर्षा जल निकासी कार्य के लिए 799.66 करोड़ रुपये के टेंडर खुल चुके हैं। यूयूएसडीए को कार्यदायी संस्था बनाया गया है। कार्यदायी संस्था ने मोबिलिटी प्लान बनाकर योजना के कार्यों को चार फेज में बांटा और उसके बाद फेज एक व तीन के टेंडर निकाले थे। अभी इस पर शासन की हाईपावर कमेटी की मोहर लगना बाकी है। मोहर लगते ही नवंबर से काम शुरू होने की उम्मीद है। साढ़े तीन साल में इन कार्यों को पूरा कराया जाना है। नगर आयुक्त पंकज उपाध्याय ने बताया कि जिन गलियों में योजना के तहत काम होंगे वहां निगम सड़क नहीं बनाएगा।

### अधिवक्ताओं ने किया बिष्ट का स्वागत

बागेश्वर। बार एसोसिएशन गरूड़ ने राज्यमंत्री शिव सिंह बिष्ट का फूलमालाओं से भव्य स्वागत किया। इस मौके पर राज्यमंत्री बिष्ट ने सभी अधिवक्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे अधिवक्ताओं की समस्याओं का समाधान करने का प्रयास करेंगे।

### एनएच के गड्ढे दुर्घटनाओं को दे रहे दावत

चम्पावत। चम्पावत–टनकपुर राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच में बने गड्ढे दुर्घटनाओं को दावत दे रहे हैं। दो महीने पहले पूर्व विधायक हेमेश खर्कवाल के धरने में बैठने के बाद एनएच ने खानापूर्ति करके मिट्टी डालकर गड्ढे तो भर दिए, लेकिन बारिश के बाद गड्ढों ने बड़ा रूप ले लिया है। जिला अस्पताल मार्ग में गैस एजेंसी के पास इन गड्ढों में दोपहिया वाहनों के पहिए फंस रहे हैं। इससे कई लोग यहां पर गिर चुके हैं। स्थानीय विनोद, कमल सिंह ने बताया कि एनएच के अधिकारियों से इस बारे में कहा गया।

## डीडीहाट में 70वें दिन भी धरना जारी

पिथौरागढ़ : डीडीहाट में तीन सूत्रीय मांगों को लेकर चल रहा आंदोलन 70वें दिन भी जारी रहा। मंगलवार को चिल्ड्रन पार्क में आंदोलनकारियों ने प्रदर्शन कर आक्रोश जताया। वक्ताओं ने कहा कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में न चिकित्सक हैं और न ही अन्य स्टाफ। अस्पताल होने के बावजूद लोग इलाज के लिए 60 किमी. दूर आवाजाही करने को मजबूर हैं। बावजूद सरकारी तंत्र उनकी मांगों को लेकर सकारात्मक कदम नहीं उठा रहा है। यहां राजेंद्र बोरा, अंशू कन्याल, गोपाल सिंह, कलावती



देवी, राजू पानू, हिमांशु चुफाल, रिया कन्याल, पंकज बोरा, दान सिंह देउपा, ललित चुफाल, चंचल सिंह चौहान, पंकज खोलिया, त्रिलोक बोरा, राजू बोरा, गिरधर बोरा मौजूद रहे। (एजेंसी)

# अमेरिकी उत्पादों पर टैरिफ छूट के फैसले को वापस लेने की मांग

नई टिहरी : उत्तराखंड किसान सभा की टिहरी जिला कौंसिल ने केन्द्र की मोदी सरकार के चना, दाल, बादाम, अखरोट, सेब, बोरिक एसिड और डाइग्नोस्टिक सहित विभिन्न अमेरिकी उत्पादों पर टैरिफ कम करने के फैसले को भारतीय किसानों व उपभोक्ताओं के हितों पर चोट बताते हुए इसे वापस लेने की मांग की है। किसान सभा ने कहा कि सरकार के इस कदम से भारतीय बाजार अमेरिकी उत्पादों से पट जायेंगे।

प्रेस को जारी विज्ञप्ति में किसान सभा के जिलाध्यक्ष भगवान सिंह राणा और जिला सचिव कृपाल सिंह कठैत ने कहा कि मोदी सरकार ने यह फैसला विश्व व्यापार संगठन में लंबित व्यापार विवाद को सुलझाने के नाम पर लिया है। जबकि सर्वविदित है कि अमेरिका व यूरोपीय संघ अपने लाभ के लिए विश्व व्यापार संगठन के विवाद समाधान तंत्र का उपयोग कर रहे हैं।

किसान सभा ने विश्व व्यापार संगठन से कृषि के क्षेत्र को इससे बाहर करने की मांग की है। किसान सभा नेताओं ने कहा कि एक अमेरिकी किसान को 61,286 डॉलर की सब्सिडी मिलती है, जबकि एक भारतीय किसान को मात्र 282 डॉलर की। बावजूद अमेरिका व यूरोपीय संघ यहां के किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य की प्रणाली से वंचित करना चाहते हैं। ऐसे में अमेरिकी व भारतीय किसानों के बीच किसी भी प्रकार की प्रतियोगिता की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। उस पर अमेरिकी उत्पादों पर शुल्कों में कटौतियां, भारतीय किसानों के हितों के आत्मसमर्पण के सिवा और कुछ नहीं है। कहा कि वर्ष 2020 से मुक्त व्यापार समझौते के नाम पर अमेरिका के लिए भारतीय बाजार के दरवाजे पोल्ट्री व डेयरी उत्पादों के लिए खोलने के दुष्परिणाम सामने आये हैं। क्योंकि भारतीय किसानों की आय में 25 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। अब सेब, दाल आदि में शुल्कों की कटौती से किसानों की बदहाली और बढ़ेगी। किसान सभा ने केन्द्र सरकार से भारतीय किसानों का अहित करने वाले मुक्त व्यापार समझौते न करने की अपील की है। (एजेंसी)

# हिन्दू संगठनों ने कुंजापुरी मेला समिति के विरोध में किया प्रदर्शन

नई टिहरी : नरेंद्रनगर में हुए मां कुंजापुरी मेले में बीते शनिवार रात सांस्कृतिक संध्या कार्यक्रम में भजनों की जगह कव्वाली कार्यक्रम किए जाने के विरोध में हिन्दू संगठनों ने मेला समिति के खिलाफ प्रदर्शन किया। आरोप लगाया कि मंच पर मां कुंजापुरी के बैनर की जगह धर्म विशेष का बैनर लगाया गया।

विहिप, बजरंग दल आदि संगठनों से जुड़े लोगों ने मंगलवार को चंबा में विरोध प्रदर्शन किया। उनका आरोप है कि मां कुंजापुरी मेले में कव्वाली की प्रस्तुति के दौरान जो बैनर लगाया गया वह सनातन धार्मिक मान्यता के अनुसार नहीं है। विहिप जिलाध्यक्ष यशपाल सजवाण के नेतृत्व में मेला समिति के खिलाफ नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। विहिप अध्यक्ष ने कहा कि मेला समिति से जुड़े लोगों ने हिन्दू संगठनों के विरोध के बावजूद कव्वाल को बुलाकर मेले में प्रस्तुति दिलाई। कहा कि कार्यक्रम से पूर्व ऋषिकेश स्थित स्व. इंद्रमणि बडोनी चौक पर कव्वाल का विरोध किया गया। लेकिन पुलिस बल लोगों को हिरासत में लेकर दूसरे स्थान पर ले गया। आरोप लगाया कि कार्यक्रम स्थल पर पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष हरेंद्र नेगी पर भी कुछ शरारती तत्वों ने हमला किया। विहिप के विभाग मंत्री सुरम तोपवाल ने कहा कि धार्मिक आस्था को कुछ लोग ठेस पहुंचाने का काम कर रहे हैं, ऐसे लोगों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। (एजेंसी)

# पेयजल योजना के पाइप खुले छोड़ने से ग्रामीणों में आक्रोश

चमोली : कपीरी विकास संघर्ष समिति के साथ ग्रामीणों और अधिकारियों ने कांडा-मैखुरा पेयजल योजना का निरीक्षण किया। इस दौरान योजना के निर्माण में कई खामियां पाई गई। योजना के पाईप लाइन खुली रहने पर ग्रामीणों ने भारी नाराजगी जताई।कपीरी विकास संघर्ष समिति के महामंत्री महिपाल नेगी ने बताया कि तल्ला दशोली और कपीरी पट्टी के तीन दर्जन से अधिक गांवों के लिए 28 करोड़ की लिफ्ट पंपिंग पेयजल योजना बनाई जा रही है। जयकंडी में अलकनंदा नदी से बनने वाली इस योजना का टैंक कंथोलीसैंण में है। नदी और टैंक के बीच बिछाई गई लाइन के पाइप कई जगह खुली छोड़ दी गई है। जबकि कई जगह लाइन को भूस्खलन जोन में बिछाया गया है। कहा कि अधिकारियों के साथ हुए निरीक्षण में लाइन के निर्माण में की जा रही लापरवाही पर कड़ी नाराजगी जताई गई। साथ ही सरकारी धन का दुरूपयोग की शिकायत की गई। हालांकि इस दौरान पेयजल निगम के अभियंता अरूण प्रताप और सचिन पंवार ने ग्रामीणों को पेयजल के निर्माण नियमानुसार करने का आश्वासन दिया। साथ ही ठेकेदार को मामले में उचित निर्देश देने की बात कही। निरीक्षण के दौरान समिति के अध्यक्ष खिलदेव सिंह रावत, महामंत्री महिपाल नेगी, प्रधान संघ के अध्यक्ष सुशील खंडूड़ी, क्षेत्र पंचायत सदस्य बृजेश बिष्ट, भगवान कंडवाल, देवेंद्र कंडवाल, पुष्कर सिंह रावत, जितेंद्र कुमार आदि मौजूद थे। (एजेंसी)

### पॉक्सो का फरार आरोपी रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार

रुड़की। किशोरी के अपहरण के आरोपी को पुलिस ने रेलवे स्टेशन से दबोच लिया। किशोरी को पुलिस पहले ही बरामद कर चुकी है। पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया।

जिला संभल के बहजोई थाना क्षेत्र के राजा का मंझोला गांव निवासी हकम सिंह पुत्र कल्लू काफी दिनों से लक्सर में रहकर काम करता था।

# हिंदू युवा वाहिनी कार्यकर्ताओं ने फूंका स्वामी प्रसाद मौर्य का पुतला

हरिद्वार। सपा नेता स्वामी प्रसाद मौर्य पर संत समाज के प्रति अभद्र टिप्पणी किए जाने का आरोप लगाते हुए हिंदू युवा वाहिनी कार्यकर्ताओं ने प्रदेश संरक्षक डॉ.विशाल गर्ग, प्रदेश अध्यक्ष लक्की वर्मा व जिलाध्यक्ष परविंदर पंडित के नेतृत्व में शिवमूर्ति चैक पर प्रदर्शन कर पुतला फूंका। इस अवसर पर डॉ.विशाल गर्ग ने कहा कि स्वामी प्रसाद मौर्य जिस तरह से सनातन धर्म व संतों के विरूद्ध दुष्प्रचार कर रहे हैं। उससे वह आज के रावण बन गए हैं। इसलिए दशहरे अवसर पर हिंदु युवा वाहिनी ने रावण की जगह स्वामी प्रसाद मौर्य का पुतला दहन किया है। प्रदेश अध्यक्ष लक्की वर्मा व जिला अध्यक्ष परविंदर पंडित ने कहा स्वामी प्रसाद मौर्य को अपनी अभद्र टिप्पणियों के लिए क्षमा याचना करनी चाहिए। यदि वे क्षमा याचना नहीं करते हैं तो सरकार को उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेजना चाहिए। भाजपा नेता सुभाष चंद्र, बाबा मोती राम, राजन राठौड़, अंकित यादव, विक्की मिश्रा सहित कई कार्यकर्ता शामिल रहे।

### एसडीएम करेगें वाहन दुर्घटना की मजिस्ट्रेटी जांच

नई टिहरी : डीएम मयूर दीक्षित ने बीती 30 सितंबर को चम्बा-कखवाड़ी मोटर मार्ग पर कखवाड़ी के पास हुई मैक्स वाहन दुर्घटना की मजिस्ट्रेटी जांच के आदेश दिए हैं। इसके लिए समिति गठित कर एसडीएम टिहरी को जांच समिति का अध्यक्ष बनाया गया है। पंद्रह दिन के भीतर जांच रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए हैं। इस हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई थी, जबकि दो लोग घायल हुए थे। जांच समिति गठित कर एसडीएम टिहरी के अलावा एआरटीओ और ईई लोनिवि को सदस्य नामित किया गया है। (एजेंसी)

# अग्निवीर शहादत पर कांग्रेस का रुख गैर जिम्मेदाराना : महेंद्र भट्ट

देहरादून। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कहा कि अग्निवीर शहादत को लेकर कांग्रेस नेताओं के आरोप पूरी तरह निराधार और गैर जिम्मेदाराना है। मंगलवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत के दौरान महेंद्र भट्ट ने कहा कि सेना की ओर से अधिकृत बयान दिए जाने के बाद भी कांग्रेस के नेता इस मामले में झूठे आरोप लगाकर सैन्य परंपरा को बदनाम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सेना ने अधिकृत बयान देकर कहा है कि शहीद को सैन्य सम्मान और 1 करोड़ की मदद दी जा रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस आलाकमान और प्रदेश कांग्रेस के नेता अग्निवीर योजना को लेकर भ्रम फैला रहे हैं। उन्होंने इसे देश की रक्षा के लिए आगे आने वाले जवानों का मनोबल तोड़ने की साजिश भी बताया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस इस मुद्दे पर झूठ और अफवाह फैलाकर राजनैतिक लाभ लेने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि इससे पहले भी पंजाब के अग्निवीर अमृतपाल की ड्यूटी के दौरान में हुई दुर्भाग्यपूर्ण मौत पर विपक्ष ने सैन्य सम्मान नही मिलने पर राजनीति की थी। उन्होंने बताया कि उस समय भी सेना से साफ किया था कि सेना अग्निवीर और अन्य जवानों में किसी भी तरह का भेदभाव नहीं करती।

### युवक गिरफ्तार

रुड़की। पुलिस ने तमंचे और कारतूस के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। कोतवाली क्षेत्र के गांव नारसन कलां निवासी अजय कुमार ने बताया था कि दो दिन पूर्व एक युवक गांव में तमंचा लेकर घूम रहा था। विरोध करने पर युवक ने गाली–गलौज कर तमंचे से आतंकित कर घर में घुसने का प्रयास किया।

# डंपर की टक्कर से मिनी लोडर चालक की मौत

देहरादून। झाझरा में पावंटा इ222वे पर बेकाबू लोडर से सामने से आ रहे मिनी लोडर को टक्कर मार दी। हादसे में मिनी लोडर चालक की मौत हो गई। मौके पर डंपर छोड़कर उसका चालक फरार हो गया। पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद उसके परिजनों के सुपुर्द किया। एसओ प्रेमनगर पीडी भट्ट ने बताया कि हादसा मंगलवार सवेरे करीब सवा पांच हुआ। कंट्रोल रूम के जरिए सूचना मिली कि झाझरा में सुभारती अस्पताल के पास 16 टायरा डंपर ने सामने से मिनी लोडर (छोटे हाथी) को टक्कर मार दी है। पुलिस मौके पर पहुंची और घायल मिनी लोडर चालक संजय सिंह (25) पुत्र गंगा शरण सिंह मूल निवासी गोरखपुर, यूपी हाल निवासी निकट पुराना पोस्ट ऑफिस, सेलाकुई को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। वहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर मृतक के परिजन मौके पर पहुंचे। एसओ ने बताया कि डंपर सेलाकुई से शहर की तरफ आ रहा था और मिनी लोडर प्रेमनगर से सेलाकुई की तरफ जा रहा था। उन्होंने कहा कि डंपर को मौके से पुलिस ने कब्जे में ले लिया है। आरोपी डंपर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के लिए पुलिस ने मृतक के परिजनों से तहरीर देने को कहा है।

# देश वैश्विक शक्ति बनने की ओर अग्रसर : डॉ. शैलेंद्र

चमोली : राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रांत प्रचारक डॉ. शैलेंद्र ने कहा कि आज देश वैश्विक शक्ति बनने की ओर अग्रसर है। चंद्रयान से लेकर सूर्य मिशन तक विज्ञान के क्षेत्र में देश आगे बढ़ा है। साथ ही भारतीय संस्कृति को आज पूरा विश्व अपना रहा है।

डॉ. शैलेंद्र ने आरएसएस के प्राथमिक शिक्षा वर्ग में स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत पौराणिक काल से ही समृद्ध रहा है। पौराणिक काल में देश में विज्ञान, गणित, चिकित्सा सहित वायुयात्र शास्त्र, जलशास्त्र सहित कई क्षेत्रों में काम किया है। जिसे पूरे विश्व ने अपनाया। डॉ. शैलेंद्र ने कहा पौराणिक काल में ऋषि मुनियों ने ज्ञान, विज्ञान, अध्यात्म की रचना की। जिसे आज पूरा विश्व अपना रहा है। देश की संस्कृति और अध्यात्म सहित योग और आयुर्वेद चिकित्सा के प्रति पूरे विश्व का रूझान रहा है। यही नहीं देश आज आर्थिक स्तर पर भी वैश्विक शक्ति बन रहा है। इस अवसर पर विभाग प्रचारक शरद, जिला प्रचारक सौरभ, वर्गाधिकारी सुनील आहूजा, जिला संघ चालक गणेश मिश्रा, नगर कार्यवाह भरत दानू, मुख्य शिक्षक पूरण सिंह, संजय थपलियाल, रामेश्वर सती, महेंद्र सिंह, कमलेश सती आदि मौजूद थे। (एजेंसी)

# शिक्षकों से 26 को पौड़ी पहुंचने की अपील

नई टिहरी : राजकीय शिक्षक संघ उत्तराखंड के गढ़वाल मंडल के मीडिया प्रभारी कमल नयन रतूड़ी ने गढ़वाल मंडल के शिक्षकों व संघ के पदाधिकारियों से 26 अक्तूबर को मंडल मुख्यालय पौड़ी में मांगों को लेकर किए जाने वाले धरना-प्रदर्शन में शामिल होने का आह्वान किया है। बताया कि राजकीय शिक्षक संघ गढ़वाल मंडल कार्यकारिणी ने मंडल मुख्यालय पर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन करने का निर्णय लिया है।

शिक्षकों की विभिन्न मांगों का निस्तारण न होने के कारण राजकीय शिक्षक संघ उत्तराखंड के आह्वान पर चरणबद्ध आंदोलन चलाया जा रहा है। प्रवक्ता, प्रधानाध्यापक, प्रधानाचार्य पदों पर जल्द पदोन्नति करने, चयन प्रोन्नत पर वेतनवृद्धि देने, कनिष्ठ-वरिष्ठ वेतन मामले को सुलझाने सहित 34 सूत्रीय मांगों को लेकर बीती आठ अक्तूबर को देहरादून में रैली निकाली गई थी, सोलह अक्तूबर को प्रदेश के सभी सीईओ कार्यालयों में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया।

26 अक्तूबर को मांगों के समर्थन में निदेशक कार्यालय पौड़ी में धरना प्रदर्शन किया जाएगा। (एजेंसी)

### झबरेड़ा में छात्र गुटों के झगड़े में फायरिंग

रुड़की। छात्र गुटों में झगड़ा होने पर फायरिंग हो गई। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जांच की और तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर लिया है। घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरों को पुलिस खंगाल रही है। धर्मपुर और बालेकी गांव के कुछ छात्र कोचिंग के लिए इकबालपुर आते हैं। इस दौरान किसी बात को लेकर छात्रों में झगड़ा हो गया। छात्रों के एक पक्ष ने दूसरे छात्र के परिजनों की दुकान पर जाकर फायरिंग कर दी। घटना को अंजाम देकर फायरिंग करने वाले मौके से भाग गए। मामले में धर्मपुर निवासी सतवीर ने अदनान निवासी बालेकी और अन्य अज्ञात के खिलाफ पुलिस को तहरीर देकर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

# धन सिंह राणा के निधन पर जताया शोक

चमोली : पहाड़ के लोगों ने वनाधिकारों समेत जनाधिकारों के लिए जमीनी संघर्ष और पहाड़ की माटी और संस्कृति के गीतों को आखर में उकेरने वाले सीमांत गांव लाता के धन सिंह राणा, जिन्हें लोग जनाधिकार का पक्षकार कबीर के नाम से भी पुकारते थे, का देहावसान हो गया है। उनकी मृत्यु पर समाज के विभिन्न क्षेत्रों के लोगों ने दुःख जताया है। साहित्य संस्कृति धर्मियों ने धन सिंह राणा के देहावसान पर दुःख जताया है। हक हकूकों के लिए आवाज उठाने वाले धन सिंह राणा के संघर्ष को सराहने वाले जन सरोकारों से जुड़े इंद्रेश मैखुरी कहते हैं कि राणा ने पहाड़ की जमीन, नदियों और वनों के सरकारों और दौलत दारों के हाथों में बेचने और हवाले करने वालों की सोच के विरोध में सारी उम्र लड़ते रहे। अतुल सती कहते हैं धन सिंह राणा वनाधिकारों के लिए हमेशा जन पक्ष में साथ रहे। वरिष्ठ साहित्यकार देवेश जोशी कहते हैं धन सिंह राणा को पर्वतीय गांवों की संस्कृति और लोक जीवन का कबीर कहा जा सकता है। नन्दा देवी बायोस्फियर रिजर्व के नाम पर जब वन हकूकों पर अंकुश लगाया गया तो धन सिंह राणा उसके लिए आगे आये। (एजेंसी)

# बिजली चोरी करने वाली निर्माण एजेंसी पर कार्रवाई की मांग

हल्द्वानी। जल जीवन मिशन पेयजल योजना के तहत लाइन बिछाने के दौरान घर से बिजली चोरी करने पर लोगों ने निर्माण एजेंसी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। मामले में सिटी मजिस्ट्रेट और जल संस्थान के ईई को पत्र सौंपकर कार्रवाई की मांग की गई है। मंगलवार को नीलकंठ कॉलोनी कमलुवागांजा मुखानी निवासी जगदीश चंद्र जोशी ने सिटी मजिस्ट्रेट ऋचा सिंह को सौंपे पत्र में कहा कि बीते दिनों वह कार्यालय से घर की ओर जा रहे थे। तभी देखा कि जल जीवन मिशन पेयजल योजना के पानी की लाइन बिछाने के लिए गली खोदी गई है। इसी बीच अपने घर से कुछ मजदूरों को निकलते देखा। मौके पर पहुंचे तो पाया कि गेट पर लगा ताला टूटा पड़ा था और मजदूर बिजली चोरी कर वेल्डिंग का काम कर रहे थे।

# उल्लास के साथ मनाया गया विजयदशमी का पर्व



रुड़की। बुराई पर अच्छाई की जीत का महापर्व विजयदशमी पर श्री रामलीला कमेटी की ओर से भव्य शोभा यात्रा का निकाली गई। जो विभिन्न मार्गो से होती हुई नहर किनारे स्थित नेहरू राष्ट्रीय इंटर कॉलेज परिसर में पहुंची। जहां पर रावण का पुतला दहन किया गया। लोगों ने मंदिरों और अपने घरों में विशेष पूजा अर्चना की। श्री रामलीला कमेटी की ओर से 35 फीट ऊंचा लंकापति रावण का पुतला लगाया गया था। शोभायात्रा का विभिन्न स्थानों पर भव्य स्वागत हुआ। कॉलेज परिसर में राम–रावण युद्ध का मंचन किया गया। श्री राम ने बुराई के प्रतीक रावण का वध किया गया। इसी के साथ पूरा वातावरण जय श्री राम के नारों से गूंज उठा। इसके बाद रावण के पुतले का दहन किया गया। वहीं, विजय यात्रा अपने निर्धारित मार्ग से होती हुई देर शाम श्री रामलीला भवन पर पहुंचकर संपन्न हुई।

### जन सेवा केंद्र के डिस्ट्रिक्ट मैनेजर के खिलाफ मुकदमा दर्ज

रुड़की(आरएनएस)। साइबर ठगी में पुलिस ने जन सेवा केंद्र के वरिष्ठ जिला प्रबंधक समेत दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। उपनिरीक्षक अहसान अली को मामले की जांच सौंप गई है। सिविल लाइंस कोतवाली को रामनगर निवासी यश त्यागी ने तहरीर देकर बताया कि तीन दिन पहले कॉमन सर्विस सेंटर के वरिष्ठ जिला प्रबंधक पीयूष गुप्ता की कॉल आई थी। उन्होंने बताया था कि लाल कुर्ती के पास कैंट एरिया है। जहां पर बीईजी के मेजर से मिलना है। वहां एक बटालियन के ग्रुप टिकट होने हैं जबकि पासपोर्ट भी अप्लाई किए जाने हैं। आरोप है कि वरिष्ठ जिला प्रबंधक के अनुसार वह आर्मी कैंट में गया।

# भाजपा संगठन की रीढ़ है युवा मोर्चा: अग्रवाल




ऋषिकेश। मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने भाजपा युवा मोर्चा रायवाला मंडल की नवनियुक्त टीम को सम्मानित किया। उन्होंने युवा मोर्चा के पदाधिकारियों को जन–जन तक भाजपा सरकार की नीतियों को पहुंचाने का आह्वान किया। मंगलवार को भाजयुमो रायवाला की नवनियुक्त टीम ने मंडल अध्यक्ष सागर गिरि के नेतृत्व में बैराज रोड स्थित कैंप कार्यालय में मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल से मुलाकात की। मंत्री ने कहा कि युवा मोर्चा भाजपा संगठन की रीढ़ है, जो हर वक्त संगठन की ढाल की तरह कार्य करता है। चुनावों में युवा मोर्चा अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता रहा है। उन्होंने युवा मोर्चा के पदाधिकारियों को सरकार की विकासपरक योजनाओं को जन–जन तक पहुंचाने को कहा। मौके पर नवनियुक्त उपाध्यक्ष सूरज चौहान, रोशन कलूड़ा, मनोज शर्मा, महामंत्री विशाल भट्ट, रोबिन रावत, मंत्री संदीप शर्मा, परवेश कलूड़ा, सूरज कश्यप, कोषाध्यक्ष अनुष रावत, कार्यालय प्रभारी शिवम पाल, मीडिया प्रभारी गुलशन शर्मा, सोशल मीडिया प्रभारी आकाश क्षेत्री, आईटी प्रभारी राहुल कुमार सहित कार्यकारिणी सदस्य विकास भंडारी, निशांत चौहान, दीपक भट्ट, आदर्श पंवार, राहुल थापा, निशांत रावत, अनुज धस्माना, अमरजीत, पियूष जोशी, सार्थक राणा, आयुष गुरंग को सम्मानित कर बधाई दी।

# दशहरा पर्व पर पुलिस बल रहा मुस्तैद



अल्मोड़ा : नगर में दशहरा पर्व व माँ दुर्गा शोभायात्रा के दृष्टिगत पुलिस मुस्तैद रही। एसएसपी रामचन्द्र राजगुरु द्वारा अल्मोड़ा नगर में दशहरा पर्व व माँ दुर्गा शोभा यात्रा, प्रतिमा विसर्जन कार्यक्रम के आयोजनों को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था के दृष्टिगत पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की ड्यूटी लगाई गई। जिसमें निरीक्षक, थानाध्यक्ष, उपनिरीक्षक, अपर उपनिरीक्षक सहित पुलिस कार्मिकों को तैनात किया गया था। नगर में सुव्यवस्थित यातायात हेतु ट्रैफिक डायवर्जन किया गया तथा डायवर्जन पॉइंटों पर यातायात पुलिस कर्मियों की तैनाती की गई थी। इसके अतिरिक्त अग्नि सुरक्षा के दृष्टिगत फायर यूनिट को फायर टेण्डर व अग्निशमन उपकरणों के साथ तैनात किया गया था। सीओ अल्मोड़ा विमल प्रसाद द्वारा ड्यूटी में तैनात किये गये समस्त पुलिस बल की कोतवाली अल्मोड़ा में ब्रीफिंग लेकर पुलिस बल को दशहरा, पुतला भ्रमण व दहन कार्यक्रम में सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था के दृष्टिगत सतर्कता से ड्यूटी करने, शांति, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था को प्रभावित करने वाले अराजक तत्वों, हुड़दंगियों पर सतर्क दृष्टि रखते हुए आवश्यक कार्यवाही करने तथा कार्यक्रम प्रारम्भ से समापन तक अपने ड्यूटी पर बने रहने आदि आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए थे। (एजेंसी)

### सहायक अभियंता के अवास से चोरी, केस दर्ज

रुद्रपुर : राभवन नैनीताल में तैनात सहायक अभियंता लोनिवि के हनुमन मंदिर वाली गली स्थित आवास से चोरों ने सामान चोरी कर लिया। पीड़ित ने पुलिस को सौंपी तहरीर में कहा कि उनको किसी अज्ञात व्यक्ति ने फोन कर सूचना दी कि उनके घर से चोरी प्रिंटर किसी संदिग्ध के पास देखा गया है। जब उसने अपने सरकारी आवास पर जाकर देखा तो दरवाजे के ताले टूटे हुए हैं। घर से बहुत सा सामान गायब है। जिसकी सूचना उन्होंने 21 अक्तूबर को कोतवाली पुलिस को दी। घर से चोरों ने प्रिंटर, किताबें, सवी उपकरण चोरी कर लिए।

# छात्रसंघ चुनाव की सुगबुगाहट, दावेदार सक्रिय

रुद्रपुर : हेमवती नंदन बहुगुणा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में छात्रसंघ चुनाव की सुगबुगाहट के बीच दावेदार सक्रिय हो गए हैं। लगभग सभी सेमेस्टर और स्नातकोत्तर में प्रवेश पूरे हो चुके हैं। 5 हजार से अधिक छात्र-छात्राओं की संख्या में चुनाव कराना कॉलेज प्रशासन और स्थानीय प्रशासन के सामने चुनौती साबित होगा। हर बार की तरह अध्यक्ष पद पर एनएसयूआई और अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के बीच मुकाबले के आसार हैं। अध्यक्ष पद पर एनएसयूआई समर्थित दीपक मुंडेला का नाम सामने आ रहा है। वहीं अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की ओर से अशर्फी लाल वर्मा और निखिल पांडेय के नाम सामने आए हैं। अभी अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से प्रत्याशी का नाम फाइनल नहीं हुआ है। सचिव पद पर आशीष नंद गौतम और आदित्य वर्मा के नाम सामने आ रहे हैं। उपाध्यक्ष पद पर पवन सिंह राणा, शुभम पटवा तो कोषाध्यक्ष पद पर अर्पित कलोनी और परवेज अख्तर के नाम हैं। अभी चुनाव की तिथि घोषित नहीं हुई है लेकिन नवंबर में चुनाव होने की संभावना है। दशहरा, दिवाली और कॉलेज में किसी भी समस्या के समाधान के लिए संपर्क करने की पोस्टर, होर्डिंग और सोशल मीडिया में अपील की जा रही है।


## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे जुड़वा पुत्र आकाश और सागर का जन्म 10/07/2014 में राजकीय अस्पताल कोटद्वार में हुआ था। मेरे पुत्रों के जन्म प्रमाण पत्र में उनका नाम आर्दश व वंश गलत अंकित हो गया है तथा मेरा नाम सीमा अंकित है। जबकि मेरे पुत्रों का सही व वास्तविक नाम आकाश और सागर है तथा आधार कार्ड में मेरा नाम नसीमा उर्फ सीमा है।

अतः मेरे पुत्रों के जन्म प्रमाण पत्र में उनका सही व वास्तविक नाम आकाश और सागर तथा मेरा नाम नसीमा उर्फ सीमा अंकित कर जन्म प्रमाण पत्र निर्गत किया जाए।

**नसीमा पत्नी रफीक अहमद निवासी झूलापुल, झूलाबस्ती, तहसील कोटद्वार, जिला पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखण्ड।**

(1405/21)

सम्पादकीय

## पर्यटन की प्राथमिकताओं में उत्तराखंड

उत्तराखंड की विश्व प्रसिद्ध चार धाम यात्रा अपने अंतिम पड़ाव की ओर है और इस वर्ष उल्लेखनीय यात्रा की यादें स्थानीय लोगों के साथ–साथ श्रद्धालुओं एवं राज्य सरकार के लिए बनी रहेगी। श्रद्धालुओं के सैलाब ने पुराने सभी रिकार्ड को पीछे छोड़ते हुए न केवल इस यात्रा मार्ग से जुड़े लोगों को उत्साहित किया बल्कि अपनी सुविधा अनुसार दर्शनों का सौभाग्य भी प्राप्त किया। दशहरा के पावन पर्व पर विश्व प्रसिद्ध यमुनोत्री और बदरीनाथ धाम के कपाट बंद होने की तिथि व मुहूर्त तय कर दी गई है । यमुना के शीतकालीन प्रवास खरशाली गांव स्थित मंदिर परिसर में पुरोहित समाज की बैठक में मुहूर्त यमुनोत्री धाम के कपाट 15 नवंबर बुधवार को भाई दूज के पावन पर्व पर 11 बजकर 57 मिनट पर अभिजीत मुहूर्त(मकर लग्न) में विशेष पूजा अर्चना के बाद छह माह के लिए बंद करना तय किया गया। इसी तरह गंगोत्री धाम के कपाट शीतकाल के लिए 14 नवंबर को अन्नकूट के पावन पर्व पर अभिजीत मुहूर्त की शुभ बेला पर 11 बजकर 45 मिनट पर बंद किए जाएंगे। बदरीनाथ धाम के कपाट बंद करने के शुभ मुहूर्त की घोषणा हो चुकी है धाम के कपाट 18 नवंबर शाम तीन बजकर 33 मिनट पर शीतकाल के लिए बंद होंगे। जबकि 15 नवंबर को भैया दूज के दिन केदारनाथ धाम और यमुनोत्री धाम के कपाट बंद होंगे। इस वर्ष की यात्रा में कुछ ऐसे भी मौके देखने को मिले जब यात्रियों को भारी और सुविधाओं का सामना करना पड़ा। व्यापक प्रबंध न होने के कारण केदारनाथ धाम में यात्रियों की भीड़ इतनी अधिक बढ़ गई की जिला प्रशासन को यात्रियों को बीच में ही रोकना पड़ा एवं ऑनलाइन पंजीकरण कुछ समय के लिए बंद कर दिए गए। चारों धामों में यात्रियों की बढ़ती भीड़ के बाद अब सरकार को यह तय करना होगा अगले सीजन में किस प्रकार की व्यवस्था करनी होगी मुख्य तौर पर बद्रीनाथ एवं केदारनाथ धाम में आवासीय प्रबंध एक बड़ी चुनौती है और अक्सर देखा गया है कि रहने की व्यवस्था न होने पर यात्री अपनी गाड़ियों में ही रात बिताते हैं। यात्रियों को बद्रीनाथ एवं केदारनाथ भेजने के लिए संख्याओं का समीकरण भी सुधारना होगा और इसके लिए सबसे बेहतर होगा पंजीकरण के कार्य को सुदृढ़ बनाया जाए। क्षमता से अधिक यात्रियों के पहुंचने के कारण केदारनाथ धाम में इस बार अव्यवस्थाओं का मंजर देखने को मिला। हालांकि इस प्रकार की समस्याएं हर बड़े आयोजन में देखने को मिलती है लेकिन जिस प्रकार से ईश्वर यात्रियों की संख्या ने पूरे चार धाम यात्रा मार्ग को गुलजार रखा वह बेहद सराहनीय एवं उत्साह वर्धन है। इसके मायने सीधे–सीधे यह हुए कि लोगों में राज्य सरकार की व्यवस्थाओं के प्रति विश्वास बढ़ा है और वह अपनी प्राथमिकताओं में उत्तराखंड को रखना चाहते हैं।

# पांच सौ का हत्यारा कौन ?

**कुछ लोगों पर प्रतिबंध लगाए, इजरायल को खुला समर्थन दिया, हमास को आईएसआईएस से भी घातक और बदतर करार दिया और वॉशिंगटन लौट गए। बाइडेन और नेतन्याहू में क्या गुप्त बातचीत हुई है, उसकी कोई ब्रीफिंग नहीं की गई। अलबत्ता बाइडेन जॉर्डन जाकर अरब देशों के नेताओं संग शिखर वार्ता नहीं कर सके, इसे कितना गंभीर माना जा सकता है? बहरहाल इजरायल ने गाजा के अलावा, लेबनान और सीरिया में भी हवाई हमले किए हैं। इजरायल पर अब भी रॉकेट, मिसाइल दागे जा रहे हैं। ये विभीषिकाएं कहां जाकर थमेंगी? गाजा से लाखों लोग विस्थापित हो चुके हैं, लेकिन लाखों अब भी गाजा में ही हैं। वे 'नारकीय चक्रव्यूह' में फंसे हैं। हमास उन्हें 'मानव ढाल' की तरह इस्तेमाल कर रहा है, लेकिन मार भी रहा है। कुछ पानी, बिजली, ईंधन, दवा आदि की सप्लाई गाजा वालों के लिए इजरायल ने शुरू की है, लेकिन इजरायल की बमबारी बदस्तूर जारी है। मौत के बाद लोगों को एक 'सामूहिक कब्रगाह' में दफनाया जा रहा है। यदि संयुक्त राष्ट्र के पास विशेषाधिकार हैं, तो वह दखल देकर इन हत्याओं और युद्ध को रुकवा क्यों नहीं सकता?**



गाजा पट्टी में एक महाविस्फोट हुआ और 'अल अहली अरब' अस्पताल में 500 लाशें बिछ गईं। यकीनन यह नरसंहार है और युद्ध के नियमों और नैतिकताओं के विपरीत है।

अस्पताल में लोग उपचाराधीन थे अथवा इजरायल की बमबारी से बचने के लिए छिपे थे। उनकी हत्या कर दी गई। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में पहले हमास और फिलिस्तीन के पक्ष में रूस और चीन ने 'वीटो' का इस्तेमाल किया। फिर इजरायल के 'आत्मरक्षा के अधिकार' को लेकर अमरीका ने 'वीटो' का प्रयोग किया। दोनों प्रस्ताव ही ढह गए और सुरक्षा परिषद में कोई निर्णय नहीं लिया जा सका। अस्पताल पर मिसाइल हमला किया गया अथवा कोई रॉकेट मिसफायर हो गया। उसका हत्यारा हमास था अथवा इजरायल की सेना ने वह नरसंहारी प्रहार किया? इस सवाल पर विरोधाभासी आरोप हैं। अरब और इस्लामी देश इजरायल को 'नरसंहारी' मान रहे हैं, जबकि इजरायल की दलील है कि यह महाविस्फोट हमास के आतंकियों ने किया था, क्योंकि इसके रॉकेट, मिसाइल मिसफायर करने का इतिहास रहा है। बीती मई, 2023 में ही हमास ने 1469 रॉकेट दागे थे, जिनमें से 291 रॉकेट बीच रास्ते में ही फट गए। कुछ रॉकेट समंदर में गिर गए। इजरायल अस्पताल वाले महाविस्फोट के मद्देनजर कुछ सबूत सुरक्षा परिषद के सामने पेश करना चाहता है। मुस्लिम देशों को ईरान भडका रहा है और इजरायल के खिलाफ सडकों पर लामबंद होने की धमकियां दे रहा है। अमरीका ने ईरान को ऐसे रवैये के लिए आगाह किया है। अमरीकी राष्ट्रपति जो बाइडेन कुछ घंटों के लिए इजरायल गए थे।

कुछ लोगों पर प्रतिबंध लगाए, इजरायल को खुला समर्थन दिया, हमास को आईएसआईएस से भी घातक और बदतर करार दिया और वॉशिंगटन लौट गए। बाइडेन और नेतन्याहू में क्या गुप्त बातचीत हुई है, उसकी कोई ब्रीफिंग नहीं की गई। अलबत्ता बाइडेन जॉर्डन जाकर अरब देशों के नेताओं संग शिखर वार्ता नहीं कर सके, इसे कितना गंभीर माना जा सकता है? बहरहाल इजरायल ने गाजा के अलावा, लेबनान और सीरिया में भी हवाई हमले किए हैं।

इजरायल पर अब भी रॉकेट, मिसाइल दागे जा रहे हैं। ये विभीषिकाएं कहां जाकर थमेंगी? गाजा से लाखों लोग विस्थापित हो चुके हैं, लेकिन लाखों अब भी गाजा में ही हैं। वे 'नारकीय चक्रव्यूह' में फंसे हैं। हमास उन्हें 'मानव ढाल' की तरह इस्तेमाल कर रहा है, लेकिन मार भी रहा है। कुछ पानी, बिजली, ईंधन, दवा आदि की सप्लाई गाजा वालों के लिए इजरायल ने शुरू की है, लेकिन इजरायल की बमबारी बदस्तूर जारी है। मौत के बाद लोगों को एक 'सामूहिक कब्रगाह' में दफनाया जा रहा है। यदि संयुक्त राष्ट्र के पास विशेषाधिकार हैं, तो वह दखल देकर इन हत्याओं और युद्ध को रुकवा क्यों नहीं सकता?

हमें तो संयुक्त राष्ट्र 'सफेद हाथी' लगता है, क्योंकि विश्व के अलग–अलग चार हिस्सों में युद्ध लड़े जा रहे हैं। गाजा में किए गए महाविस्फोट के हत्यारे को कौन तय करेगा, क्योंकि दोनों पक्षों के अपने–अपने दावे हैं। संयुक्त राष्ट्र में 22 अरब देशों के समूह 'अरब लीग' ने कहा है कि इजरायल को तुरंत हमले बंद करने होंगे। इजरायल युद्धविराम की भी घोषणा करे। मौजूदा युद्ध में दोनों तरफ के 4500 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है और घायल 13,000 से ज्यादा बताए जा रहे हैं। विश्व दो हिस्सों में बंटता–सा लग रहा है। एक ओर मुस्लिम तथा फिलिस्तीन समर्थक हैं। वे स्पष्टतः हमास–विरोधी भी नहीं हैं। दूसरी तरफ यहूदी और उनके समर्थक हैं। अमरीका, भारत, ब्रिटेन, जर्मनी, फ्रांस आदि देश इजरायल का समर्थन कर रहे हैं। क्या यह विभाजन विश्व–हित में है? अरब देशों के लाखों नागरिक इन बड़े देशों में नौकरियां कर रहे हैं या व्यवसाय में जुटे हैं।

यदि उन्हें उन देशों से निष्कासित करने की नौबत आ गई और अरब देशों ने भी पलटवार किया, तो पूरी विश्व–व्यवस्था ही गड़बड़ा जाएगी। दरअसल यह मुस्लिम–यहूदी युद्ध है, जो सनातन है। 21वीं सदी में ऐसे सांप्रदायिक युद्ध अस्वीकार्य होने चाहिए।

# मंत्रिमंडल विस्तार के लाग लपेट



**हालांकि मंत्रिमंडल विस्तार की संभावना में दाल बांटने के मुहूर्त का किसी को कोई अनुमान नहीं, फिर भी लोकसभा के चुनावों ने राजनीतिक पांत तो बिछा दी है। सत्ता में मंत्री और सत्ता के कैबिनेट रैंक में बंटे ओहदों की भरपूर चमक के बावजूद, जिलों के अपने बागीचों में उगती रही सियासी धूप को नजरअंदाज करने का नकारात्मक पक्ष हमेशा रहेगा। ऐसे में बिलासपुर तक पहुंच रहा कैबिनेट विस्तार क्या कांगड़ा जिला तक भी पहुंचेगा। क्या फिर से राजनीतिक वरिष्ठता को मंत्रिमंडल विस्तार स्वीकार करेगा या नई पौधशाला से कुछ नए चेहरों को प्राथमिकता मिलेगी।**

नजर बांधने का इंतखाब अच्छा, तेरे नाम पे ये पैगाम अच्छा। बिलासपुर दौरे पर हिमाचल के मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू ने सियासी सुख की दरकार को पूरा करने का आश्वासन दिया और इस तरह मंत्रिमंडल विस्तार के लाग लपेट से हट कर जिला का नाम आया। बिलासपुर से मंत्रिमंडल का रास्ता यूं तो शिमला से दूर नहीं है, फिर भी राजनीति के अपने घुमाव व पेंच रहे हैं। ऐसे में मुख्यमंत्री की ओर से आया संकेत क्षेत्रीय राजनीति के आयाम को पैगाम दे रहा है। ये सुर्खियां जितनी सहजता से विधायक राजेश धर्माणी के सफर से मुखातिब होती हैं, उतनी ही आसानी से आगामी लोकसभा चुनाव की राजनीतिक तैयारियों को इंगित करती हैं। हिमाचल की सत्ता के अगले मुकाम पर सरकार अपने काम पर रही है, लेकिन लोकसभा चुनाव तफतीश करेंगे कि अंततः कांग्रेस चली कितने कोस। लोकसभा चुनाव की दूरियों को पाटने के लिए दरियां नहीं, दिल मिलाने होंगे और इसी की शुरुआत में बिलासपुर की खनक पूरे हमीरपुर संसदीय क्षेत्र की नब्ज पर हाथ रख रही है। यह कोई अचंभा भी नहीं कि मंत्रिमंडल की उदारता में बिलासपुर का चेहरा नजर आ रहा है, लेकिन सियासत के संतुलन का इंतखाब कोशिश कर रहा है। कहना न होगा कि अकेले हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के लिए मंत्रिमंडल में जगह सुनिश्चित करके चुनावी पारी पूरी हो जाएगी, बल्कि साथ लगते कांगड़ा संसदीय क्षेत्र का राजनीतिक सूनापन कब से रूठा पड़ा है।

बेशक हमीरपुर की वकालत में बिलासपुर का सिक्का काम आएगा, लेकिन सरकार में पहले से मुख्यमंत्री व उपमुख्यमंत्री के दर्जे में यह संसदीय क्षेत्र, हिमाचल व केंद्र की सत्ता का मर्ज भी बन रहा है। यह इसलिए भी क्योंकि राज्य से एकमात्र केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर को यहीं से पंजा लड़ाना है या इसलिए भी क्योंकि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा को भी अपना कद आजमाना है। जिस मंडी में पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर की सियासी जिद्द पारंगत हुई उससे मुलाकात न भी सही, लेकिन मंत्रिमंडल में छाए शिमला संसदीय क्षेत्र को राजनीति औकात बतानी और बनानी है। सरकार के अपने प्लस हो सकते हैं, लेकिन मंत्रिमंडल के माइनस में अटकी कांगड़ा की सांसों की फितरत बीमार मरीज से भिन्न नहीं है। यहां मसला राजनीतिक परंपराओं का है और सत्ता के प्रतिनिधित्व का भी। यह इसलिए भी क्योंकि मुख्य संसदीय सचिवों की सत्ता में पारी पर, अदालती आशंकाएं निर्णायक मोड़ पर खड़ी हैं और अगर फैसला प्रतिकूल असर ले कर आता है, तो राज्य सरकार में क्षेत्रीय भागीदारी का ईनाम फिर से प्रश्न खड़े करेगा।

हालांकि मंत्रिमंडल विस्तार की संभावना में दाल बांटने के मुहूर्त का किसी को कोई अनुमान नहीं, फिर भी लोकसभा के चुनावों ने राजनीतिक पांत तो बिछा दी है। सत्ता में मंत्री और सत्ता के कैबिनेट रैंक में बंटे ओहदों की भरपूर चमक के बावजूद, जिलों के अपने बागीचों में उगती रही सियासी धूप को नजरअंदाज करने का नकारात्मक पक्ष हमेशा रहेगा। ऐसे में बिलासपुर तक पहुंच रहा कैबिनेट विस्तार क्या कांगड़ा जिला तक भी पहुंचेगा। क्या फिर से राजनीतिक वरिष्ठता को मंत्रिमंडल विस्तार स्वीकार करेगा या नई पौधशाला से कुछ नए चेहरों को प्राथमिकता मिलेगी। जो भी हो, होना है तो लोकसभा चुनाव से पूर्व ही विस्तार करना होगा, वरना खेत में पहले ही भाजपा नामी चिडिय़ा मौजूद है। यहां घात–प्रतिघात की सियासत के लिए वर्तमान दौर नाजुक समझा जा रहा है और यह भी कि बतौर मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह के लिए अपनी सरकार के मुआयने में लोकसभा चुनाव काफी कुछ सिद्ध करेंगे। कांग्रेस वैसे भी राष्ट्रीय स्तर पर भाजपा के सामने नए विचार, नए आकार और अस्तित्व के प्रसार के साथ चुनौती बढ़ा रही है, तो हिमाचल में सत्ता के दम पर यही चुनाव समीक्षा करेगा। बहरहाल राजेश धर्माणी के समीप मंत्रिमंडल विस्तार की अटकलों को स्पष्टता से देखने की वजह अगर मजबूत होती है, तो आगे चलकर यही पैगाम कांगड़ा के कुछ चेहरों को खुश कर सकता है, लेकिन उस स्थिति में शायद हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के अन्य नेताओं के लिए सत्ता की ओर से रेड सिग्नल मिल चुका होगा।

# एमएसपी की चुनावी बढ़ोतरी

भारत सरकार के कृषि मूल्य आयोग ने गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) बढ़ाया है। गेहूं रबी के मौसम की मुख्य फसल होती है। 2023–24 के लिए एमएसपी में बढ़ोतरी 150 रुपए कर गेहूं के दाम 2275 रुपए प्रति क्विंटल तय किए गए हैं। यह अभी तक की सबसे अधिक वृद्धि है, क्योंकि यूपीए सरकार के दौरान 2006–07 और 2007–08 में लगातार दो साल फसलों के एमएसपी में बढ़ोतरी की गई थी, लेकिन तुलना में वे कम थीं।

यह एमएसपी वृद्धि महज किसानों के कल्याण और उनकी आर्थिक स्थिति के मद्देनजर नहीं है। इससे किसानों की आमदनी दोगुनी होने लगेगी, ऐसे कोई आसार नहीं हैं। दरअसल बुनियादी व्यवस्था में ही खोट है, क्योंकि किसान की फसल एमएसपी पर नहीं खरीदी जाती। सरकारी खरीद का लाभ बेहद सीमित है। उसका फायदा 10–12 फीसदी किसानों को भी नसीब नहीं है, लिहाजा किसान कृषि की मंडियों में ही फसल बेचने को विवश है। वहां कई तरह की कटौतियों के बाद किसान के हाथ एमएसपी तक नहीं लगता। फसल बेचना उसकी मजबूरी है, लिहाजा किसान कम दाम पर भी फसल बेचने को विवश है।

यही सवाल कई दशकों से किसानों के सामने 'यक्ष' की तरह मौजूद है। मोदी सरकार के 10 साल भी गुजर जाएंगे, लेकिन एमएसपी का सवाल अनुत्तरित रहेगा। वैसे उसने एक समिति का गठन कर रखा है, जिसमें कुछ किसान प्रतिनिधि भी शामिल हैं, लेकिन वह समिति क्या कर रही है, उनका विमर्श किस निष्कर्ष तक पहुंचा है, क्या एमएसपी को कानूनी दर्जा देने की सिफारिश पर सहमति बन चुकी है, लेकिन लंबा समय बीतने के बावजूद कुछ भी सार्वजनिक नहीं किया गया है। अभी एमएसपी की घोषणा करने के आर्थिक के साथ–साथ राजनीतिक, चुनावी आयाम भी हैं। 2024 के लोकसभा चुनावों से पहले एमएसपी में यह आखिरी बढ़ोतरी है। इसके अलावा, पांच राज्यों में विधानसभा चुनावों की प्रक्रिया जारी है। नवम्बर में मतदान होंगे और 3 दिसंबर को जनादेश घोषित किए जाएंगे। इन राज्यों में मध्यप्रदेश और राजस्थान में गेहूं रबी मौसम की प्रमुख फसल है। एमएसपी में बढ़ोतरी की गई है, जाहिर है कि किसानों के वोट बैंक पर निगाहें रही होंगी। वैसे मोदी सरकार ने अपने साढ़े नौ साल के कार्यकाल में गेहूं का एमएसपी 875 रुपए क्विंटल बढ़ाया है, जबकि यूपीए सरकार के दौरान यह बढ़ोतरी 770 रुपए क्विंटल की गई थी। धान का एमएसपी भी मौजूदा सरकार ने 873 रुपए क्विंटल बढ़ाया है, लेकिन यूपीए सरकार के 10 साला कालखंड में यह वृद्धि 760 रुपए की गई थी। वैसे ऐसी तुलनाएं ही गलत हैं, क्योंकि मुद्रा के अवमूल्यन और मुद्रास्फीति को भी ध्यान में रखना होता है। बहरहाल एमएसपी में बढ़ोतरी की घोषणा तब की गई है, जब सरकारी भंडारणों में गेहूं एक अक्तूबर को 239.95 लाख टन बताया गया है। यह न्यूनतम स्टॉक 205.2 लाख टन से कुछ ही अधिक है।

नई फसल की संभावनाओं को लेकर भी कुछ चिंताएं हैं। देश के प्रमुख जलाशयों में बीते साल जलस्तर 82.4 फीसदी था। बीते 10 सालों में यह औसत 94.4 फीसदी रहा है। एक ताकतवर अल नीनो के सर्दियों से लेकर मई तक जारी रहने की संभावनाएं हैं, नतीजतन वह बारिश को प्रभावित करेगा।

सर्दियों में ही कुछ बारिश आती है, तो नमी के साथ–साथ तापमान भी कम रहेगा। रबी की फसल के लिए यह बहुत जरूरी मौसम है। मोदी सरकार आम चुनाव के मद्देनजर आपूर्ति की कमी को लेकर किसी भी तरह का जोखिम उठाने के पक्ष में नहीं है, लिहाजा गेहूं का भंडारण किया जा रहा है। इसी के संदर्भ में सरकारी खरीद भी बढ़ेगी और किसानों को एमएसपी मिल सकेगा, लेकिन ऐसे कितने फीसदी किसान होंगे? यदि आपूर्ति का कोई संकट सामने हो सकता है, तो सरकार गेहूं आयात भी कर सकती है। आयात सस्ता पड़ता है, लेकिन सवाल है कि हमारे किसान गेहूं पैदा करने में आत्मनिर्भर क्यों नहीं?

## पेट की गर्मी से हैं परेशान? राहत के लिए इन चीजों का करें सेवन

आजकल की बिगड़ती जीवनशैली और गलत खान–पान के कारण पेट संबंधी कई समस्याएं हो जाती हैं।इन्हीं समस्याओं में से एक पेट की गर्मी है, जो अक्सर गर्मी और डिहाइड्रेशन के कारण बढ़ जाती है। इसके कारण मतली, सूजन, पाचन क्रिया में गड़बड़ी जैसी परेशानियां होने लगती हैं।इनसे बचाव के लिए ऐसे खाद्य पदार्थों का सेवन करना चाहिए, जिससे शरीर को ठंडक मिले।चलिए फिर आज हेल्थ टिप्स में इसी से जुड़े 5 चीजों के बारे में जानते हैं।

**केला** केला एक बेहद गुणकारी फल है, जो न सिर्फ स्वादिष्ट, बल्कि स्वास्थ्य के लिए भी फायदेमंद होता है।इसका सेवन पेट की गर्मी से राहत दिलाने और पाचन क्रिया को स्वस्थ बनाए रखने में मददगार है।इसमें पोटेशियम और फाइबर की मात्रा अधिक होती है, जो पेट की सूजन से राहत दिलाने में मदद करते हैं।इसके अलावा कच्चे केले का सेवन भी इन शारीरिक समस्याओं से राहत दिलाने में कारगर है।

**छाछ** छाछ का सेवन पेट की जलन को शांत करने में मदद कर सकता है।यह शरीर को ठंडक पहुंचाने के साथ–साथ मेटाबॉलिज्म को भी बढ़ावा देता है और पेट में जमी वसा को पिघलाने में मदद करता है।रोजाना एक गिलास छाछ के सेवन से डिहाइड्रेशन की समस्या और पेट की गर्मी से राहत मिलती है।यह पेय प्रोबायोटिक्स, प्रोटीन, विटामिन और खनिजों का एक भी समृद्ध स्रोत है, जो आपके शरीर को ऊर्जा भी प्रदान करता है।

**खीरा** पेट की गर्मी शांत करने के लिए खीरा भी एक बढिय़ा विकल्प है।इसका सेवन पेट को ठंडा रखता है और कब्ज और पाचन से जुड़ी समस्याओं को दूर करता है।इसमें पानी की मात्रा अधिक होती है इसलिए यह डिहाइड्रेशन के कारण पेट में होने वाली सूजन को रोकने में भी मदद करता है। इसके साथ ही इसे खाने से आप ऊर्जावान भी महसूस करते हैं।खीरे के सेवन से स्वास्थ्य को ये अन्य फायदे भी मिलते हैं।

**नारियल पानी** नारियल का पानी एक ऐसा प्राकृतिक पेय है, जो शरीर को ठंडक देने में मददगार है।यह पोटैशियम, मैंगनीज और अमीनो एसिड सहित खनिजों और इलेक्ट्रोलाइट्स से भरपूर होता है, जो शरीर में पानी की कमी को पूरा करते हैं।

## टमाटर से बनाएं ये 5 फेस मास्क, त्वचा संबंधित कई समस्याओं से मिलेगा छुटकारा

टमाटर विटामिन ए, के और सी, आयरन, मैग्नीशियम, एंटी–ऑक्सीडेंट, एंटी–इंफ्लेमेटरी और फास्फोरस जैसे पोषक तत्वों से भरपूर होता है। इस कारण टमाटर से बने फेस मास्क त्वचा की देखभाल करने के लिए बेहद फायदेमंद होते हैं।ये चेहरे के दाग–धब्बे, निशान, बढ़ती उम्र के लक्षण और मुंहासे जैसी समस्याओं से छुटकारा दिलाने में मदद करते हैं।आइये आज हम आपको टमाटर के 5 फेस मास्क बनाने के तरीके बताते हैं, जो त्वचा को अलग–अलग फायदे पहुंचाने में मददगार हैं।

**टमाटर और नींबू का फेस मास्क**

फेस मास्क बनाने और इस्तेमाल करने का तरीकाः सबसे पहले 1 चम्मच टमाटर का गूदा और नींबू के रस की 3–4 बूंदें को एक साथ अच्छे से मिलाएं। इसके बाद इस मिश्रण को अपने चेहरे पर करीब 15 मिनट तक लगा रहने दें। जब यह सूख जाए तो इसे गुनगुने पानी से धो लें।फायदाः इस फेस मास्क के इस्तेमाल से त्वचा के रंग में निखार आता है और यह हाइपर–पिगमेंटेशन को कम करने में भी मदद करता है।

**टमाटर और शहद का फेस मास्क**

फेस मास्क बनाने और इस्तेमाल करने का तरीकाः सबसे पहले 2 बड़ी चम्मच टमाटर का गूदा लें, फिर इसमें 1 चम्मच शहद मिलाकर चिकना पेस्ट तैयार कर लें। अब इसे अपने चेहरे पर अच्छे से लगाएं और करीब 15 मिनट तक इसे सूखने दें। इसके बाद इसे गुनगुने पानी से धो लें।फायदाः यह फेस मास्क त्वचा का रूखापन दूर करके उसे मुलायम और चमकदार बनाने में मदद करता है।

**टमाटर और आलू का फेस मास्क**

फेस मास्क बनाने और इस्तेमाल करने का तरीकाः सबसे पहले 1 बड़ी चम्मच आलू का रस, 1 बड़ी चम्मच टमाटर का रस और 1 बड़ी चम्मच शहद को एक साथ मिला लें। इस मिश्रण को पूरे चेहरे पर अच्छे से लगाएं और फिर अच्छी तरह सूखने के बाद पानी से धो लें।फायदाः इस फेस मास्क के इस्तेमाल से त्वचा कीटाणु रहित रहती है और यह मुंहासों से छुटकारा दिलाने में भी मददगार है।

**टमाटर, नारियल का तेल और दही का फेस मास्क**

फेस मास्क बनाने और इस्तेमाल करने का तरीकाः सबसे पहले आधा चम्मच मसला हुआ टमाटर, 1 चम्मच नारियल का तेल और 1 बड़ी चम्मच दही को एक साथ अच्छे से मिला लें। अब इस मिश्रण को अपने चेहरे पर लगाकर 15 मिनट के लिए छोड़ दें। आखिर में चेहरे को पानी से धो लें।

## एक मोमो को लेकर भिड़ गए दो पक्षः आधा घंटा जमकर हुआ पथराव

वाराणसी ,एजेंसी । आदमपुर थाना क्षेत्र के अधीन आते कोनिया इलाके में एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां एक मोमो को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। देखते-देखते ही मामला इतना गरमा गया कि दोनों पक्षों में ईंट-पत्थर चलने गए। दोनों पक्षों में करीब आधे घंटे तक पथराव चलता रहा। हालात को संभालने के लिए चार थानों की पुलिस को मौके पर आना पड़ा। अपर पुलिस आयुक्त कानून-व्यवस्था चिनप्पा शिवसिम्पि और डीसीपी काशी जोन आरएस गौतम भारी फोर्स के साथ पहुंचे तो उपद्रवी भाग निकले। घटनास्थल पर एहतियातन पीएसी तैनात कर दी गई है। पथराव में कई चोटिल हो गए, जिन्हें पुलिस ने मंडलीय अस्पताल में उपचार कराया। वहीं, कई लोगों को हिरासत में भी लिया है।

दरअसल, विजईपुरा चौराहे के पास करन नामक युवक मोमो की दुकान लगाता है। खजुरिया का रहने वाला टोटो चालक अरुण राजभर मोमो खरीदने पहुंचा। मोमो लेने के दौरान एक टुकड़ा जमीन पर गिर गया। इसी मामूली सी बात को लेकर तू-तू, मैं-मैं होने लगी। वहां मौजूद लोगों ने टोटो चालक अरुण राजभर की पिटाई कर दी।कुछ देर बाद घायल चालक कई लोगों के साथ मौके पर पहुंचा। देखते ही देखते पत्थरबाजी होने लगी। बाजार से निकले लोग इधर-उधर गलियों और घरों में पनाह मांगने लगे। महिलाएं भागने के साथ जोर-जोर चिल्लाने लगीं।

## जीम में वर्कआउट के दौरान चक्कर खाकर गिरे पानीपत जेल के डीएसपी, अस्पताल में तोड़ा दम

पानीपत ,एजेंसी । हार्ट अटैक के मामले लगातार बढ़े हैं। जिम में कसरत के दौरान कई युवाओं की हार्ट अटैक से मौत हो रहीं हैं। अब ताजा मामला हरियाणा का है। यहां पर डिप्टी जेलर की जिम में कसरत के दौरान मौत हो गई। माना जा रहा है कि उन्हें दिल का दौरा पड़ा है। जानकारी के अनुसार, हरियाणा के पानीपत जिले में गांव सिवाह की जेल में तैनात छ्स्क्क जोगिंद्र देशवाल को करनाल की जिम में एक्सरसाइज करने के दौरान निधन हो गया। सुबह-सुबह वह एक्सरसाइज कर रहे थे। इस दौरान एकदम से गिर गए।

इसके बाद उन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। डीएसपी के निधन के बाद से पानीपत पुलिस प्रशासन समेत हरियाणा पुलिस में शौक की लहर दौड़ गई है। गौरतलब है कि जोगिंद्र देशवाल काफी समय जेल में वार्ड चेकिंग के दौरान बंदी निगरानी के डीएसपी रहे हैं।

## शहीद अग्निवीर के परिवार को मिलेंगे 1 करोड़ रुपए, सेना ने आर्थिक मदद का दिया ब्यौरा

नई दिल्ली , भारतीय सेना में ऑपरेटर के तौर पर तैनात अग्निवीर गावते अक्षय लक्ष्मण के बलिदान के मामले में सेना ने स्पष्ट बयान जारी करते हुए कहा कि अग्निवीर गावते अक्षय लक्ष्मण ने सियाचिन में अपना कर्तव्य निभाते हुए अपने प्राणों का बलिदान दे दिया। दुख की इस घड़ी में भारतीय सेना शोक संतप्त परिवार के साथ खड़ी है।

भारतीय सेना ने एक्स पर एक पोस्ट में जानकारी दी कि अग्निवीर अक्षय लक्ष्मण के परिवार को एक करोड़ रुपए से ज्यादा की मदद की जाएगी। सेना ने लिखा कि सोशल मीडिया पर कई गलत मैसेज लिखे जा रहे हैं। इसलिए यहां साफ करना जरूरी है कि मृतक सैनिक के परिवार को नियमों के मुताबिक उपयुक्त आर्थिक सहायता दी जाती है। गावते काराकोरम रेंज में लगभग 20,000 फीट की उंचाई पर स्थित सियाचिन ग्लेशियर में तैनात थे। इस ग्लेशियर को दुनिया में सबसे अधिक उंचाई वाले युद्ध स्थल के रूप में जाना जाता है

# कुछ लोग नहीं चाहते भारत अपने दम पर खड़ा होः भागवत

**नागपुर, एजेंसी।** हर साल की तरह इस बार भी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के मुख्यालय वाले शहर नागपुर में मंगलवार को विजयदशमी के मौके पर दशहरा रैली का आयोजन किया। इस दौरान संघ के सदस्यों ने नागपुर में 'पथ संचलन' (रूट मार्च) भी किया। इसमें संघ प्रमुख मोहन भागवत भी शामिल रहे। इस दौरान सभा को संबोधित करते हुए संघ प्रमुख मोहन भागवत ने पश्चिमी सोच रखने वाले लोगों पर तंज कसा। उन्होंने कहा कि इस समाज में कुछ लोग हैं जो स्वयं को बहुत जाग्रत लोग कहते हैं। लेकिन उनका दुनिया की किसी भी व्यवस्था, धर्म, संस्कृति में विश्वास नहीं है। हर स्थान पर वे आधुनिकता के नाम पर परंपरागत मान्य व्यवस्थाओं को ध्वस्त करने का प्रयास करते रहते हैं।

अपने संबोधन में मोहन भागवत ने आगे कहा कि खुद को 'सांस्कृतिक मार्क्सवादी' कहने वाले ये लोग नहीं चाहते कि भारत अपने दम पर खड़ा हो। ये लोग समाज में भेदभाव और अलगाव पैदा करने का प्रयास करते हैं। वे 1920 के दशक से मार्क्स को भूल गए हैं। आरएसएस प्रमुख ने कहा कि ये लोग हर उस व्यक्ति का विरोध करते हैं, जो निस्वार्थ बुद्धि से



काम कर रहे हैं चाहे वे संघी हों या कम्युनिस्ट।

वार्षिक आरएसएस विजयदशमी उत्सव को संबोधित करते हुए संघ प्रमुख ने यह भी कहा कि आज के हालातों में अगर हम अपने मूल्यों पर खड़े होकर बदलाव लाते हैं, तो इससे दुनिया को रास्ता मिलेगा। अब हमने ऐसा करना शुरू कर दिया है, लेकिन दुनिया में और भारत में भी कुछ लोग हैं, जो नहीं चाहते कि भारत अपने दम पर खड़ा रहे। इसलिए वे समाज में भेदभाव पैदा करने की कोशिश करते हैं। वे हमेशा इस कोशिश में रहते हैं कि समाज की निर्मित सामूहिकता को कैसे तोड़ा जाए।

अपने संबोधन में ऐसे लोगों की कार्य प्रणाली का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि ये अपनी कुत्सित मानसिकता को पूरा करने के लिए मीडिया और शिक्षा जगत पर नियंत्रण करना चाहते हैं।

साथ ही शिक्षा, संस्कृति, राजनीति और सामाजिक वातावरण को अराजक और भ्रष्टाचारी बनाना चाहते है। ऐसा वातावरण भय, भ्रम और घृणा के दुष्चक्र के निर्माण को सक्षम बनाता है। ऐसा समाज जो आपसी झगड़ों और उलझनों में बंटा और उलझा हुआ हो वह कमजोर हो जाता है। यह आसानी से और अनजाने में उन विनाशकारी शक्तियों का शिकार बन जाता है जो हर जगह अपना प्रभुत्व तलाश रही हैं।

मोहन भागवत ने कहा कि देश ने जी-20 का सफल आयोजन किया। इससे भारतीय परंपरा-संस्कृति और आतिथ्य का पूरी दुनिया में प्रचार हुआ। इससे देश का मान बढ़ा है। उन्होंने खेलों में भारत के शानदार प्रदर्शन के लिए सबको बधाई दी और कहा कि यह क्रम अब रुकना नहीं चाहिए। देश को हर दिशा में आगे बढ़ाने का प्रयास करना चाहिए।

आरएसएस प्रमुख ने कहा कि 22 जनवरी को राम मंदिर का उद्घाटन होना है। इस दिन पूरे देश के हर मंदिर में पूजा-पाठ का कार्यक्रम होना चाहिए। इससे पूरे देश के निवासी राम मंदिर से अपना जुड़ाव महसूस कर सकेंगे और इसके माध्यम से मंदिर के उद्घाटन में अप्रत्यक्ष तरीके से शामिल हो सकेंगे। उन्होंने कहा कि राम मंदिर का उद्घाटन भारतीय इतिहास में बड़ी घटना है जिसे हमेशा याद रखा जाएगा।

इस मौके पर आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने संगठन के संस्थापक केबी हेडगेवार को श्रद्धांजलि दी. उन्होंने 'विजयादशमी उत्सव' पर 'शस्त्र पूजा' भी की। इस कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी और महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस, गायक और संगीतकार शंकर महादेवन भी मौजूद थे।

## केंद्रीय पुलिस बल में शामिल होंगे यह कुत्ते, विस्फोटक सूंघने, आईईडी खोजने वाले कामों की दी जाएगी ट्रेनिंग

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) जल्द ही इंडियन ब्रीड के डॉग तैनात करने वाला है। रामपुर हाउंड, हिमालय माउंटेन कैनाइंस और हिमाचली शेफर्ड में गद्दी नस्ल, बखरवाल, तिब्बती मास्टिफ जैसे देसी नस्ल के कुत्तों को केंद्रीय पुलिस बल में शामिल किया जाएगा। इन कुत्तों के चयन से लेकर ट्रेनिंग तक की जिम्मेदारी के9 दस्ते के पास होती है। इन कुत्तों को संदिग्ध, नशीले पदार्थ और विस्फोटकों को सूंघने, आईईडी खोजने, खदानों में जांच करने, नकली कैश को पकडऩे के साथ जोखिम वाले इलाकों में गश्त करने और आतंकियों को खोजने में पुलिस की मदद करने के लिए तैनात किया जाएगा। वर्तमान में केंद्रीय पुलिस में तैनात सभी कुत्ते विदेशी नस्ल के हैं। इनमें जर्मन शेफर्ड, लैब्राडोर, बेल्जियम



मैलिनोस और कॉकर स्पैनियल शामिल हैं।

इन कुत्तों के साथ एक हैंडलर की भी तैनाती की जाती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहले भी साइंटिफिक तरीके से देसी नस्ल के कुत्तों को आर्मी, सुरक्षा बल और पुलिस में शामिल करने और उन्हें बढ़ावा देने की बात कह चुके हैं। गौरतलब है कि बीएसएफ, आईटीबीपी और सीआरपीएफ को पर्वतीय कुत्तों को एक साथ ट्रेनिंग देने के लिए आदेश जारी किया गया है। ट्रेनिंग पूरी होने के बाद इन नस्लों को उनकी विशेषताओं के अनुसार तैनाती भी दी जाएगी।

सीमा सुरक्षा बल, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल, केंद्रीय ओद्योगिक सुरक्षा बल जैसे सीएपीएफ पुलिस के कामों में मदद के लिए देसी कुत्तों को भर्ती करने के लिए तैयार हैं। रामपुर हाउंड ब्रीड के डॉग की ट्रेनिंग अभी चल रही है। वहीं, हिमालयन माउंटेन कैनीस की ट्रेनिंग और टेस्टिंग के आदेश जारी हो गए हैं। मुधोल हाउंड नस्ल के देसी कुत्ते की टेस्टिंग बीएसएफ और आईटीबीपी की ओर से पहले ही की जा चुकी है।

सीआरपीएफ और बीएसएफ के डॉग ट्रेनिंग सेंटर में रामपुर हाउंड जैसे कुत्तों की टेस्टिंग चल रही है। अधिकारी ने बताया कि बीएसएफ, आईटीबीपी और सीआरपीएफ को हिमाचली शेफर्ड गद्दी, बखरवाल और तिब्बतेन मास्टिफ जैसे पर्वतीय कुत्तों को एक साथ ट्रेनिंग देने के लिए आदेश जारी किया गया है।

## क्रूर चाचा ने लालच में उजाड़ा घरः गर्भवती बहू के पेट पर छूरी से किए आठ वार

**मुरादाबाद, एजेंसी।** भतीजे और गर्भवती बहू की हत्या के आरोपी चाचा प्रशांत कुमार और चाची गुड़िया को पुलिस ने जेल भेज दिया। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर छूरी और बांका बरामद कर लिया है। हत्या में शामिल तीसरा आरोपी प्रशांत का बेटे चार्ली की अभी गिरफ्तारी नहीं हो सकी है।

भगतपुर थानाक्षेत्र के गांव परशुपुरा बाजे में शनिवार रात करीब तीन बजे निजी स्कूल के शिक्षक प्रशांत कुमार (40) ने अपने सगे भतीजे वरुण कुमार उर्फ गोलू (22) और उसकी सात माह की गर्भवती पत्नी बबीता (20) की चाकू से गला रेतकर हत्या कर दी थी। रविवार सुबह आरोपी चाचा ने चौकी में जाकर सरेंडर कर दिया था।



दोनों के बीच संपत्ति के बंटवारे को लेकर विवाद चल रहा था। पुलिस ने बताया कि वरुण कुमार भगतपुर क्षेत्र में ही मोबाइल की दुकान पर नौकरी करता था। दो साल पहले उसकी शादी चंदौसी निवासी बबीता के साथ हुई थी। वरुण के पिता प्रबल सिंह और मां ममता का पहले ही निधन हो चुका है।

दोनों परिवार एक ही परिसर में बने मकानों में रहते हैं। वरुण का परिवार और चाचा के बीच अक्सर झगड़ा होता था। प्रशांत का कहना था कि उसके पिता राजेंद्र सिंह (85) सेवानिवृत्त अध्यापक हैं। उन्हें करीब 35 हजार पेंशन मिलती है। वरुण और उसकी पत्नी ही पेंशन रखते थे।

पिता के पेंशन के पैसे को लेकर कई बार झगड़ा हुआ था। पुलिस ने आरोपी प्रशांत और उसकी पत्नी गुड़िया उर्फ कल्पना सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।शनिवार रात सोते समय भतीजा और बहू पर हमला किया गया था। ताबड़तोड़ हमले के चलते दोनों को उठने का अवसर नहीं मिला। छूरी और बांका से भतीजे वरुण की गर्दन, चेहरा और सिर पर पांच वार किए गए थे। वहीं बहू बबीता के सिर, चेहरे, हाथ और सीने पर आठ वार किया गया था। इसी कारण दोनों की मौत हो गई।

डॉक्टरों ने पोस्टमार्टम के दौरान वरुण और बबीता के खून का सैंपल डीएनए जांच के लिए सुरक्षित रख लिया है। पुलिस का कहना है कि हत्या के बाद आरोपी चाचा और चाची ने हाथ धोए थे। उनका भी सैंपल लिया गया है। डीएनए से दोनों के खून का मिलान किया जाएगा। यह साक्ष्य अदालत के लिए काफी मजबूत होगा।

# जिस शहर को लक्ष्मण ने बसाया, वहां लगता है रावण दरबार

**लखनऊ ,एजेंसी।** गंगा जमुनी तहजीब को अपने आंचल में छिपाए इस शहर में पहले आप की सदियों पुरानी तहजीब वर्तमान में भी मुस्कुराती नजर आती है।

मंगलवार को दशहरे के दिन घमंड और अन्याय के प्रतीक दशानन रावण का अंत होता है। श्रीराम के छोटे भ्राता लक्ष्मण द्वारा बसाए इस शहर में रावण का दरबार भी है।

चौक के रानी कटरा स्थित चारोधाम मंदिर परिसर में स्थापित रावण दरबार में दशहरे के दिन विष्णु त्रिपाठी 'लंकेश' मंदिर को सजाकर पूजन करते थे। पिछले साल उनके निधन के बाद इस बार उनकी याद में मंदिर परिसर में आयोजन किया गया।

रानी कटरा मोहल्ले स्थापित चारों धाम मंदिर में रावण का दरबार मौजूद है। चारों धाम मंदिर का निर्माण कुंदन लाल कुंज



बिहारी लाल ठेकेदार ने कराया था। उनका यह मानना था कि शहर के गरीब लोग चाहते हुए भी चारों धाम की यात्रा धन के अभाव में नहीं कर पाते हैं। इसी कारण उन्होंने इस मंदिर का निर्माण कराया।

पुराने लखनऊ में यह चारों धाम मंदिर छोटी काशी के नाम से प्रसिद्ध है। दरबार में दोनों तरफ जहां रावण के मंत्री बैठे दिखाई देते हैं, वहीं रावण दरबार में उपर की ओर विराजमान है।

विष्णु त्रिपाठी 'लंकेश' को श्रद्धांजलि के साथ ही चौक के श्री पब्लिक बाल रामलीला समिति द्वारा चौक के लोहिया पार्क में मंचन शुरू हुआ। वह 1978 से 2021 तक लगातार वह रावण का किरदार निभाते रहे हैं। पिछली बार स्वास्थ्य कारणों से किरदार नहीं निभाया और उनका निधन भी हो गया। पत्नी रेनू त्रिपाठी ने बताया कि 2009 से मैं उनके साथ मंदोदरी का किरदार निभा रही थी।

### 'लंकेश' की याद में हुई दशानन पूजा

श्री पब्लिक बाल रामलीला समिति द्वारा पार्षद अनुराग मिश्रा के संयोजन में रावण दरबार में पूजन किया गया। पूजन के दौरान लंकेश को श्रद्धांजलि दी गई। श्री पब्लिक बाल रामलीला समिति के महामंत्री डॉ. राजकुमार वर्मा ने श्लोक पढ़े और पूजन कराया।

इस अवसर पर शुभ संस्कार समिति के अध्यक्ष लक्ष्मीकांत पांडेय, होलीकोत्सव समिति के अध्यक्ष गोविंद शर्मा, सुरेंद्र मोहन शुक्ला, मंदिर प्रबंधक आशीष अग्रवाल, ऋद्धि किशोर गौड़, श्याम नारायण, दिलीप मिश्र, सुनील मिश्रा, मनीष रस्तोगी, रेनू त्रिपाठी, आशीष मिश्रा, सुनील शुक्ला, अवनीश दीक्षित समेत कई लोग मौजूद रहे।

## बाघ बकरी चाय के मालिक पराग देसाई की मौत, कुत्तों के हमले में हुए थे घायल

**अहमदाबाद,एजेंसी** । गुजरात की मशहूर बाघ बकरी चाय कंपनी के मालिक और कार्यकारी निदेशक पराग देसाई का रविवार को निधन हो गया। 49 वर्षीय देसाई पिछले हफ्ते आवारा कुत्तों के हमले में घायल हुए थे।रिपोर्ट के मुताबिक, घायल होने के बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया था, जहां उनकी इलाज के दौरान मौत हो गई। वह पिछले एक हफ्ते से अस्पताल में वेंटीलेटर पर थे।

रिपोर्ट के मुताबिक, 15 अक्टूबर को सैर पर निकलते समय देसाई पर घर के बाहर कुत्तों ने हमला कर दिया था।उनसे बचने के दौरान वह फिसलकर गिर गए और उनके सिर में गंभीर चोटें आईं, जो ब्रेन हेमरेज का कारण बनी।घर के सुरक्षा गार्ड ने परिवार को सूचित किया, जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## जम्मू-कश्मीर के मुख्य सचिव ने माता वैष्णो देवी यात्रा व्यवस्थाओं का जायजा लिया

श्रीनगर ,एजेंसी । यात्रा को सुव्यवस्थित करने और सर्वोत्तम तीर्थयात्रा अनुभव प्रदान करने के लिए श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड (एसएमवीडीएसबी) ने नए उन्नत भीड़ प्रबंधन उपायों को अपनाया है। इसकी घोषणा रविवार को की गई। एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि 1 जनवरी, 2022 के सरकारी आदेश संख्या 01-जेके (जीएडी) के तहत गठित समिति की सिफारिशों के कार्यान्वयन पर विचार-विमर्श करने के लिए मुख्य सचिव, डॉ. अरुण कुमार मेहता की अध्यक्षता में एक बैठक बुलाई गई थी, जिसमें वरिष्ठ अधिकारी और एसएमवीडीएसबी के सीईओ, अंशुल गर्ग शामिल हुए थे।

मुख्य सचिव ने समिति द्वारा की गई प्रत्येक सिफारिश के कार्यान्वयन का आकलन किया और प्राप्त प्रगति पर संतोष जताया। बयान में कहा गया है कि गर्ग ने कटरा से पवित्र गुफा तक तीर्थयात्रा के प्रबंधन को बढ़ाने के लिए किए गए तत्काल, अल्पकालिक और दीर्घकालिक उपायों का एक व्यापक अवलोकन प्रदान किया, जिसमें कहा गया कि बोर्ड ने कई उभरती प्रौद्योगिकियों को अपनाने और मजबूत प्रतिक्रिया के लिए ठोस प्रयास किए हैं।इनमें कई प्रशासनिक और ढांचागत उपाय शामिल हैं, जैसे तीर्थ क्षेत्र में 700 से अधिक सीसीटीवी कैमरों का नेटवर्क बिछाकर यात्रा की प्रभावी और वास्तविक समय की निगरानी के लिए आरएफआईडी प्रौद्योगिकी आधारित यात्रा कार्ड की शुरुआत, सुबह के समय 'आरती' की अवधि में कटौती और शाम के समय हितधारकों की संयुक्त टीमों को तैनात करके भवन के विभिन्न स्थानों पर बीट प्रणाली की शुरुआत की गई।सीईओ ने अध्यक्ष को आगे बताया कि श्राइन बोर्ड ने तीर्थयात्री-केंद्रित सुविधाओं का विकास और लगातार उन्नयन किया है और इस संदर्भ में मार्ग में विभिन्न प्रमुख बुनियादी ढांचा विकास परियोजनाएं बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं, जिनमें दुर्गा भवन, पार्वती भवन और स्काईवॉक का निर्माण शामिल है।

## राजस्थानः कांग्रेस ने पति को बनाया उम्मीदवार तो भड़की विधायक पत्नी, बोलीं- मेरा टिकट काटकर गलत किया

**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान में विधानसभा चुनाव के रण में उतरी बीजेपी और कांग्रेस अपने-अपने पत्ते खोल रही हैं। दोनों ही दलों ने अपने उम्मीदवारों की दो लिस्ट जारी कर दी है। टिकट की आस लगाए बैठे कई नेताओं को झटका लगा है। रामगढ़ विधानसभा सीट पर कांग्रेस को नाराजगी भी झेलनी पड़ रही है। दरअसल, पार्टी ने रामगढ़ सीट से मौजूदा विधायक साफिया खान का टिकट काटकर उनके पति जुबैर खान को अपना प्रत्याशी बनाया है।खुद का टिकट काटे जाने और पति को प्रत्याशी बनाए जाने के बाद विधायक साफिया खान ने नाराजगी जाहिर की है। साफिया ने कहा कि कांग्रेस ने मेरा टिकट काटकर गलत किया है। टिकट कटने के बाद खुद से मिलने पहुंचे समर्थकों और मीडियाकर्मियों से साफिया ने कहा, 'समाज पुरूष प्रधान है। महिलाएं पूरी तरह से स्वीकार



नहीं है। अब जहां पार्टी कहेगी वहीं काम करूंगी। महिलाओं को राजनीति में आगे बढ़ाने की बात करना आसान है, लेकिन उस पर अमल करना मुश्किल है।'

पंचायती राज संस्थाओं में महिलाओं का निर्वाचन तो हो जाता है, लेकिन काम नहीं कर पाती है। अभी समाज की मानसिकता बदलने में समय लगेगा। जुबैर भी रामगढ़ सीट से काफी अच्छे वोटों से जीतेंगे, उनकी छवि काफी अच्छी है।

साफिया ने ये भी कहा कि सरकार ने विकास कार्य भी बहुत करवाए हैं। वहीं, टिकट मिलने के बाद जुबैर ने कहा कि साफिया को पार्टी के साथ रहना चाहिए, उन्हें चुनाव प्रचार भी करना चाहिए। पार्टी का निर्णय सभी को मानना चाहिए।

बता दें कि जुबैर कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी के निकट माने जाते हैं। जुबैर तीन बार रामगढ़ से ही विधायक रहे हैं। 2018 के चुनाव में पार्टी ने उनकी पत्नी साफिया को टिकट दिया था।उधर, सीकर जिले में दो अलग-अगल सीटों से सगे भाई अलग-अलग पार्टियों से चुनाव लड़ रहे हैं। लक्ष्मणगढ़ सीट से भाजपा की टिकट पर सुभाष महरिया और फतेहपुर सीट से उनके छोटे भाई नन्द किशोर महरिया जननायक जनता पार्टी के प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ रहे हैं। सुभाष पूर्व में स्व. अटल बिहारी वाजपेयी सरकार में मंत्री रहे हैं।

## इजरायल-फिलिस्तीन संघर्ष के बीच गाजा में मारे गए 2000 बच्चे, हजारों इमारतें मलबे में तब्दील

**गाजा, एजेंसी।** इजरायल-फिलिस्तीनी के बीच संघर्ष बढ़ने के बाद से गाजा पट्टी में कम से कम 2,000 बच्चे मारे गए हैं। मानवीय संगठन सेव द चिल्ड्रन ने सोमवार को यह जानकारी दी। संगठन ने एक बयान में कहा, 'पिछले 17 दिनों में गाजा में कम से कम 2,000 बच्चे मारे गए हैं, लगातार हवाई हमलों के कारण गाजा पट्टी में हजारों इमारतें मलबे के ढेर में तब्दील हो गई हैं।'बयान में कहा गया है कि वेस्ट बैंक में भी 27 बच्चे मारे गए। सेव द चिल्ड्रन्स के फ़िलिस्तीन के निदेशक जेसन ली ने कहा 'हम सभी पक्षों से बच्चों के जीवन की रक्षा के लिए तत्काल कदम उठाने का आह्वान करते हैं, और अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से इन प्रयासों का समर्थन करने का आह्वान करते हैं। बच्चों को नुकसान से बचाने के लिए हर संभव प्रयास किया जाना चाहिए और उन्हें आवश्यक सहायता प्रदान की जानी चाहिए।'

## बाढ़ लाने वाले बांधों पर छापे, सरकार की शिकायत पर इंस्पेक्शन कमेटी ने जांच के दौरान ढूंढी खामियां

**शिमला, एजेंसी।** इस बार बरसात के सीजन में बाढ़ लाने वाली बिजली परियोजनाओं के बांधों पर हिमाचल सरकार की सिफारिश के बाद छापे पड़े हैं। सेंटर वॉटर कमीशन के पूर्व चेयरमैन आरके गुप्ता की अगवाई में एक टीम ने इन बांधों का निरीक्षण किया है। इसके बाद रिपोर्ट राज्य सरकार को आएगी और इस आधार पर राज्य सरकार खामियां मिलने पर कार्रवाई भी कर सकती है।

इसी महीने बिजली परियोजनाओं के बांधों का निरीक्षण हुआ है। इसमें कांगड़ा जिला में स्थित पौंग डैम, मंडी जिला में स्थित पंडोह डैम और कुल्लू जिला में स्थित मलाणा-2 बिजली प्रोजेक्ट का डैम और पार्वती-3 बिजली परियोजना का डैम शामिल है। पौंग बांध से अचानक काफी मात्रा में पानी छोड़े जाने के कारण कांगड़ा जिला के मंड क्षेत्र में काफी नुकसान हुआ था। डैम के डाटा को देखकर लग रहा था कि रेगुलर आधार पर पानी नहीं



छोड़ा गया और जब आपात स्थिति आई, तो एकदम पानी रिलीज कर दिया गया।

मुख्यमंत्री अपने आप इसके कारण हुए नुकसान की भरपाई का मामला भी बीबीएमबी से उठा चुके हैं। पंडोह डैम में भी लगभग यही स्थिति थी।

बरसात के दिनों में जब ब्यास नदी में बाढ़ का खतरा था, तो मंडी जिला प्रशासन ने पंडोह डैम से ब्यास का पानी सतलुज की तरफ को डाइवर्ट करने का आग्रह किया था, जिसे नहीं सुना गया। इसके कारण ब्यास नदी के बेसिन में काफी नुकसान हुआ था और मंडी शहर में भी तबाही हुई थी। कुल्लू जिला में मलाणा-2 बिजली प्रोजेक्ट के डैम के गेट जाम हो गए थे और पानी ओवरफ्लो कर रहा था। इससे और भी कई तरह के खतरे हो गए थे। कुल्लू जिला में अचानक पानी छोड़े जाने के कारण सैंज बाजार में काफी तबाही हुई थी। राज्य सरकार ने इस स्थिति को भारत सरकार के साथ भी साझा किया था। इसके बाद सेंट्रल वाटर कमीशन के पूर्व चेयरमैन की अध्यक्षता में कमेटी बनाई गई, जिसमें ऊर्जा निदेशालय हिमाचल के विशेषज्ञ भी शामिल थे।

इन्होंने डैम सेफ्टी ऑडिट के प्रावधानों के अनुसार इन बांधों का निरीक्षण किया और अब रिपोर्ट राज्य सरकार और केंद्र सरकार को भेजी जा रही है।

बरसात के दौरान ही राज्य सरकार ने भी डैम सेफ्टी एक्ट के प्रावधानों के अनुसार बिजली परियोजनाओं के बांधों का निरीक्षण किया था। इसमें केवल दो परियोजनाओं को छोड़कर बाकी में अर्ली वार्निंग सिस्टम तक नहीं लगा था। सेंटर वॉटर कमीशन की गाइडलाइन के अनुसार सिर्फ कोल डैम और नाथपा झाकड़ी प्रोजेक्ट में ही यह सिस्टम था।

# ऑस्ट्रेलिया को नीदरलैंड टीम से रहना होगा सतर्क



नई दिल्ली । ऑस्ट्रेलिया की टीम विश्व कप में बुधवार को कमजोर नीदरलैंड्स के खिलाफ मैदान में उतरेगी। इस मुकाबले में उसकी कोशिश एक और प्रभावशाली प्रदर्शन के साथ जीत की लय जारी रखने की होगी। हालांकि ऑस्ट्रेलिया को दक्षिण अफ्रीका पर प्रभावशाली जीत दर्ज करने वाले नीदरलैंड्स से सतर्क रहना होगा।वापसी कर चुके कंगारू : पांच बार की चैंपियन टीम टूर्नामेंट में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद श्रीलंका और पाकिस्तान पर आसान जीत के साथ शानदार वापसी कर चुकी है। दूसरी ओर नीदरलैंड्स भी पाक पर अफगानिस्तान की जीत से प्रेरणा लेकर टूर्नामेंट में अपने अभियान को कायम रखने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी। हालांकि पाकिस्तान के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया के दमदार प्रदर्शन को देख उसके लिए यह आसान नहीं होगा। ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाज लय में हैं और तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड तथा मिचेल स्टार्क के साथ स्पिनर एडम जांपा भी अच्छा कर रहे हैं। वार्नर–मार्श फॉर्म में लौटे : डेविड वार्नर और मिचेल मार्श की फॉर्म में वापसी ऑस्ट्रेलिया के लिए अच्छी खबर है। वे आक्रामक बल्लेबाजी से किसी भी प्रतिद्वंद्वी को परास्त कर सकते हैं। इसका उदाहरण पाकिस्तान के खिलाफ उनकी 259 रन की साझेदारी है। मार्श ने सलामी बल्लेबाज के रूप में सात पारियों में 108.3 की स्ट्राइक रेट से 351 रन बनाए हैं और चोटिल ट्रेविस हेड की जगह मिले मौके को भुनाने में सफल रहे है। भरोसेमंद वार्नर बल्ले से लगातार चमक बिखेर रहे हैं।

स्मिथ–मानर्स पर दबाव : ऑस्ट्रेलिया को हालांकि मध्य क्रम में खासकर स्टीव स्मिथ और मार्नस लाबुशेन से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद होगी। स्मिथ ने अपनी पिछली चार पारियों में केवल एक बार 30 का आंकड़ा पार किया है। उन पर अच्छी बल्लेबाजी का दबाव होगा। दूसरी ओर लाबुशेन अब तक अर्धशतक भी नहीं बना सके हैं। दिल्ली का मैच दोनों के लिए खुद को साबित करने का अंतिम मौका हो सकता है नहीं तो हेड के लिए अपनी जगह गंवानी पड़ सकती है। हेड टीम को ऑफ–स्पिन गेंदबाजी का भी विकल्प भी प्रदान करते हैं। गेंदबाजी में जांपा फिरकी से विकेट निकालने में सफल रहे है तो हेजलवुड और स्टार्क ने भी लय हासिल की है। जांपा से फिर बेहतरीन प्रदर्शन की उम्मीद होगी। इस मामले में कप्तान पैट कमिंस को थोड़ा सुधार करना होगा।डच टीम के सामने चुनौती : नीदरलैंड्स वनडे में कभी ऑस्ट्रेलिया को हराने में सफल नहीं रहा है। टीम को 2003 और 2007 में ऑस्ट्रेलिया से हार का सामना करना पड़ा। मौजूदा विश्व कप में हालांकि टीम ने साबित किया है कि उसके पास किसी भी टीम के खिलाफ उलटफेर करने की क्षमता है। दक्षिण अफ्रीका को हराने के साथ यह टीम श्रीलंका को कड़ी टक्कर देने में सफल रही थी। अब उसके सामने प्रोटास को हराने की चुनोती होगी। गेंदबाजों ने प्रभावित किया है लेकिन सलामी बल्लेबाज विक्रमजीत सिंह और मैक्स ओडोड का बल्ला अब तक नहीं चला है। इस मैच के दौरान सभी की निगाहें राष्ट्रीय राजधानी की बिगड़ती वायु गुणवत्ता पर भी होंगी, जो अतीत में एक अंतरराष्ट्रीय मुकाबले के दौरान चिंता का विषय रही है।




## खेल : बैडमिंटन — सात्विक–चिराग की जोड़ी फ्रेंच ओपन के दूसरे दौर में

नई दिल्ली। रेनेस (फ्रांस)। सात्विक साईराज रांकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की विश्व की नंबर एक पुरुष युगल जोड़ी फ्रेंच ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे दौर में पहुंच गई है। एशियाई खेलों के मौजूदा स्वर्ण पदक विजेता जोड़ी ने मंगलवार को विश्व रैंकिंग में 34वें नंबर की जोड़ी लुकास कोरवी और रोनन लाबार को 35 मिनट चले एकतरफा मुकाबले में 21–13, 21–13 से पराजित कर दिया। सात्विक और चिराग का अगला मुकाबला तीन बार के विश्व चैंपियन इंडोनेशिया के मोहम्मद एहसान और हेंड्रा सेतियावान से होगा। एशियाई खेलों (2014) के स्वर्ण पदक विजेताओं ने चीनी ताइपे के लू चिंग याओ और यांग पो हान की जोड़ी को हराया।

## डिकॉक–क्लासन ने बल्ले से मचाया हल्ला, गेंद से चमके गेराल्ड को




एत्जे,नई दिल्ली। आईसीसी वर्ल्ड कप 2023 में साउथ अफ्रीका ने एक और धमाकेदार जीत दर्ज की है। टूर्नामेंट के 23वें मुकाबले में साउथ अफ्रीका ने बांग्लादेश को 149 रन से हार का स्वाद चखाया है। विश्व कप में यह साउथ अफ्रीका की चौथी जीत है। बांग्लादेश का बैटिंग ऑर्डर 383 रन के विशाल लक्ष्य के आगे ताश के पत्तों की तरह बिखर गया और पूरी टीम 233 रन बनाकर ऑलआउट हुई। महमूदुल्लाह ने शतक जमाया, लेकिन दूसरे छोर से उनको बाकी बल्लेबाजों का साथ नहीं मिल सका।

ताश के पत्तों की तरह बिखरा बांग्लादेश का बैटिंग ऑर्डर

383 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी बांग्लादेश की शुरुआत बेहद खराब रही। मार्को जेनसन ने दो गेंदों के अंदर तन्जीम हसन और शांतो को पवेलियन की राह दिखाई। तन्जीम 12 रन बनाकर आउट हुए, तो शांतो खाता तक नहीं खोल सके। कप्तान शाकिब अल हसन बल्ले से कुछ खास नहीं कर सके और सिर्फ एक रन बनाकर चलते बने। अनुभवी बल्लेबाज मुशफिकुर रहीम भी महज 8 रन ही बना सके।

## भारत का पदक अभियान जारी, प्राची–दीप्ति–शरथ ने भी स्वर्ण जीता

हांगझोउ। चीन में जारी एशियाई पैरा खेलों में भारत का पदक अभियान जारी है। भारतीय खिलाड़ियों ने मंगलवार को पांच पदक जीते। प्राची यादव के कैनो में महिला वर्ग की केएल 2 स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीता। उनके अलावा दीप्ति जिवांजी ने महिलाओं की 400 मीटर–टी20 में स्वर्ण पदक हासिल किया। इनके साथ ही एमएस शरथ ने पुरुषों की 5000 मीटर टी–13 स्पर्धा में स्वर्ण का सफाया किया।

चौथे स्थान पर कायम : दूसरे दिन तीन स्वर्ण सहित भारत ने कुल नौ पदक हासिल किए। इन पदकों के साथ भारत चौथे एशियाई पैरा खेलों में अब तक 26 पदक (नौ स्वर्ण, आठ रजत, आठ कांस्य) जीत कर चौथे स्थान पर कायम है। एथलीट प्राची ने अपनी स्पर्धा में 54.962 सेकंड के समय के साथ देश के लिए स्वर्ण पदक जीता। पुरुष वर्ग में गजेंद्र सिंह ने कैनो पुरुष वीएल2 में कांस्य पदक जीता है।

दीप्ति को रिकॉर्ड के साथ सोना : दीप्ति जिवांजी ने महिलाओं की 400 मीटर–टी20 में 56.69 के समय के साथ एक नया एशियाई पैरा रिकॉर्ड बनाते हुए भारत के लिए स्वर्ण पदक जीता। वहीं दिन में, अजय कुमार ने पुरुषों की टी 64 400 मीटर में रजत पदक जीता। उन्होंने 54.85 सेकंड का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय निकाला और वह सऊदी अरब के आसन नूर से कुछ सेकंड पीछे रहे जिन्होंने 52.81 सेकंड के समय के साथ स्वर्ण पदक पर कब्जा किया।

इस बीच, महिलाओं की टी12 100 मीटर में सिमरन कौर ने 12.68 सेकंड का समय लेकर रजत पदक जीता।





भारतीय पति–पत्नी ने पदक जीते

नई दिल्ली। मनीष कौरव को विश्वास नहीं था कि वह हांगझोउ में एशियाई पैरा खेलों में पदक जीतने में सफल रहेंगे लेकिन तभी उन्हें अपनी पत्नी और भारतीय पैरा कैनोइन टीम की साथी प्राची यादव की बात याद आ गई कि 'हम खाली हाथ वापस नहीं लौटेंगे

इस भारतीय युगल ने खेलों में पदक जीत विशेष उपलब्धि हासिल की। प्राची ने मंगलवार को स्वर्ण जीतने से पहले सोमवार को वीएल2 वर्ग में रजत हासिल किया था। मनीष ने मंगलवार को पुरुषों की कैनो केएल3 स्पर्धा में कांस्य पदक जीता।

प्राची ने कहा, हम दोनों भोपाल में एमपी वॉटर स्पोर्ट्स अकादमी में प्रशिक्षण के दौरान एक–दूसरे से मिले थे और तीन साल पहले हमने शादी की थी। यह हमारे लिए सबसे अच्छी बात थी। हम एक–दूसरे का समर्थन करते हैं तथा करियर में उतार–चढ़ाव में एक–दूसरे का साथ देते हैं। हम एक–दूसरे को प्रेरित करते हैं।

# फिल्मी दुनियां

## दर्शकों से जुडऩे की क्षमता रखती हैं मराठी फिल्में : नेहा पेंडसे



दुसारी गोश्त, प्रेमसथी कमिंग सुन और नटसम्राट जैसी मराठी फिल्मों में काम करने वाली अभिनेत्री नेहा पेंडसे ने क्षेत्रीय सिनेमा के अद्वितीय आकर्षण पर बात की। साथ ही यह भी बताया कि यह हिंदी और दक्षिण भारतीय फिल्म उद्योगों से कैसे अलग है। नेहा के पास एक विविध पोर्टफोलियो है जो मराठी, हिंदी और क्षेत्रीय फिल्मों तक फैला हुआ है। उन्होंने कहा, मेरा दृढ़ विश्वास है कि मराठी फिल्मों में सही दर्शकों से जुडऩे की अंतर्निहित क्षमता होती है।

उन्?होंने कहा, हालांकि यह सच है कि अधिकांश हिंदी और दक्षिण भारतीय फिल्मों को अक्सर अपनी पहुंच बढ़ाने और व्यापक जनसांख्यिकीय के लिए अपील करने के लिए डब किया जाता है, मेरी राय में मराठी सिनेमा अभी भी उस बिंदु तक विकसित हो रहा है जहां इसकी सामग्री को आसानी से बदला जा सके, और कई भाषाओं में रिलीज किया जा सके।

उन्होंने साझा किया, यह सब उस असाधारण फिल्म के बारे में है जो भाषा की बाधाओं को पार करती है और सहजता से दर्शकों तक अपनी जगह बना लेती है। पेंडसे ने उन मराठी फिल्मों का उदाहरण दिया जो भाषाई बाधाओं को पार कर राष्ट्रीय सिनेमाई परिदृश्य का हिस्सा बन गई हैं।

उन्होंने कहा कि सैराट और महाराष्ट्र शहर जैसी शानदार फिल्में हैं जो पूरे देश के दर्शकों तक पहुंचने में कामयाब रही। लोगों ने ये फिल्में देखीं और उन्हें पसंद किया, चाहे वे मराठी समझते हों या नहीं। यही मराठी फिल्मों का जादू है।

## श्रीलीला ने अल्लू अर्जुन के साथ विशेष गाने का प्रस्ताव ठुकराया!

अल्लू अर्जुन की बहुप्रतीक्षित सीक्वल पुष्पा 2 अपने पूर्ववर्ती की भारी सफलता के बाद भारत में धूम मचा रही है। शूटिंग तेजी से आगे बढ़ने के साथ ही यह फिल्म एक खास पहलू की वजह से चर्चा में बनी हुई है।निर्देशक सुकुमार अपनी फिल्मों में ठोस आइटम नंबर शामिल करने के लिए जाने जाते हैं, और पुष्पा भी अपवाद नहीं थी, सामंथा के आकर्षक प्रदर्शन ने पैन–इंडिया की प्रसिद्धि हासिल की। अब, सारा ध्यान उस हीरोइन की तलाश पर है जो सीक्वल में विशेष गीत की शोभा बढ़ायेगी। फिल्मी हलकों में अफवाहें बताती हैं कि निर्माताओं ने विशेष गीत के लिए प्रतिभाशाली और उभरते सितारे, श्रीलीला से संपर्क किया। हालाँकि, आश्चर्यजनक रूप से, उसने यह प्रस्ताव ठुकरा दिया। कथित तौर पर, एकल नायिका के रूप में सात फिल्मों के साथ, श्रीलीला एक विशेष गीत के अवसर को लेने के बजाय अपने आशाजनक करियर पर ध्यान केंद्रित करना पसंद करती हैं, भले ही वह अल्लू अर्जुन के साथ ही क्यों न हो।

## जैकलीन फर्नांडिस ने स्टाइलिश चोटी में कुछ यूं ढाया कहर



बॉलीवुड़ एंडस्ट्री की खूबसूरत हसीनाओं में से एक जैकलीन फर्नांडिस सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। जैकलीन फर्नांडिस ने हाल में सोशल मीडिया साइट फेसबुक और इंस्टाग्राम पर शेयर की अपनी लेटेस्ट फोटोज से बवाल मचा दिया है। उनके इस फोटेशूट को देख फैंस ने उनकी तारीफों की झड़ी लगा दी है। 37 वर्षीय बॉलीवुड एक्ट्रेस जैकलीन फर्नांडिस सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव है और अपनी फोटोज से आए दिन बिजलियां गिराती रहती हैं। जैकलीन फर्नांडिस की हर एक अदा का हर कोई दीवाना हैं और सोशल मीडिया पर उनके फैंस की लिस्ट भी काफी लंबी हैं। जैकलीन फर्नांडिस ने अपनी खूबसूरती से सभी को कायल किया हुआ है और एक बार फिर एक्ट्रेस ने अपना जलवा दिखाया हैं। हाल ही में जैकलीन फर्नांडिस ने अपनी कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया साइट फेसबुक और इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं। इन फोटोज से जैकलीन फर्नांडिस ने लोग का ध्यान अपनी तरफ खींच रही है और फैंस भी एक्ट्रेस की तस्वीरें देखकर उनकी तरफ अट्रैक्ट हो रहे हैं। इन तस्वीरों में जैकलीन फर्नांडिस रेड कलर की कार्गो पैंट्स और ग्रे कलर की ब्रालेट में बेहद किलर अंदाज में बिजलियां गिराती नजर आ रही हैं।

## जाह्नवी कपूर ने रिवीलिंग थाई स्लिट ड्रेस पहन कराया हॉट फोटोशूट



एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर बी–टाउन की ग्लैमरस अभिनेत्रियों में से एक हैं। वो आए दिन अपने स्टाइलिश फैशन स्टेटमेंट्स के कारण सोशल मीडिया पर चर्चाएं बटौरती रहती हैं। हाल ही में जाह्नवी कपूर ने एक इवेंट में शिरकत की थी।

जहां उनके बोल्ड ड्रेसिंग सेंस को देखकर लोगों ने उन्हें काइली जेनर तो कभी भारत की किम कार्दशियन कहते हुए ट्रोल करना शुरू कर दिया है। धडक़ फिल्म से बॉलीवुड में डेब्यू करने वाली एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर आज किसी भी पहचान की मोहताज नहीं हैं। उन्होंने इंडस्ट्री में काफी कम समय में अपनी एक्टिंग के दम पर लोगों के बीच अपनी अच्छी–खासी पहचान बना ली है। हाल ही में एक्ट्रेस ने एक इवेंट के दौरान बेहद ही स्टाइलिश और रिवीलिंग थाई स्लिट गाउन पहना हुआ था। जाह्नवी कपूर के इस लुक को देखकर लोगों ने उन्हें एक बार फिर से ट्रोल करना शुरू कर दिया।

## दिल को छू रही बवाल, फैंस और क्रिटिक्स ने की फिल्म की सराहना



साजिद नाडियाडवाला द्वारा निर्मित फिल्म बवाल को इसकी दमदार कहानी और आउटस्टैंडिंग परफॉर्मेंस के लिए बहुत प्यार मिल रहा है। पुरस्कार विजेता निर्देशक नितेश तिवारी द्वारा निर्देशित यह फिल्म अपनी मनोरंजक कहानी और वरुण धवन–जान्हवी कपूर के शानदार परफॉर्मेंस के साथ उम्मीदों पर खरी उतरी है।फिल्म ट्रेड एनालिस्ट तरण आदर्श ने ट्वीट किया, बवाल दिल को छू लेने वाला है। दंगल, छिछोरे और अब बवाल... इसमें कोई शक नहीं कि नितेश तिवारी शानदार कहानीकार हैं। बवाल में एक अलग कथानक, पटकथा, कई भावनात्मक क्षण और शानदार प्रदर्शन हैं। सीनियर क्रिटिक कोमल नाहटा ने बवाल निर्देशक को प्रतिभाशाली कहते हुए फिल्म की तारीफ की। उन्होंने लिखाः दंगल के बाद, नितेश तिवारी की असाधारण प्रतिभा को किसी प्रमाण की आवश्यकता नहीं है। ह्यबवालह्न शानदार ढंग से लिखी और बनाई गई फिल्म है, जो अमेजन प्राइम पर उपलब्ध है। उन्हें, उनकी टीम को, वरुण धवन, जान्हवी कपूर, मनोज पाहवा को बधाई। शाबाश साजिद (नाडियाडवाला), इतनी बड़ी फिल्म को सीधे ओटीटी पर रिलीज करने के लिए साहस की जरूरत है। ह्नबवालह्न अतीत, वर्तमान और भविष्य के लिए एक अच्छा सबक है।रोहित जयसवाल ने फिल्म को 4 स्टार रेटिंग दी और इसे कॉमेडी, रोमांस, इमोशन्स और सबसे महत्वपूर्ण रूप से बैकअप के रूप में एक शानदार मैसेज के साथ सिंपल, ब्यूटीफुल और एलिगेंट बताया। उन्होंने लिखा, ह्यह्नवरुण धवन के करियर की बेस्ट फिल्म, इस साल बेस्ट एक्टर की रेस में वरूण धवन जरुर होंगे। जाह्नवी कपूर की एक्टिंग प्योर, नेचुलर और क्यूट है।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
–सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com